दैनिक
# भीम प्रज्ञा

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

ऑल पिन जिन पेपर को चुभती है उन्हें बंदी रखते हैं। ठीक उसी प्रकार जो व्यक्ति परिवार को एकता में बांधे रखता है वह हर किसी को चुभता जरूर है।

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-96 | झुंझुनू (राजस्थान) | गुरुवार, 26 फरवरी, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## अन्न की शुद्धता और मन की निर्मलता : एक सामाजिक सच्चाई

भारतीय चिंतन परंपरा में यह उक्ति बार-बार दोहराई जाती है– 'जैसा खाओ अन्न, वैसा होवे मन; जैसी शुद्धि, वैसी बुद्धि।' यह केवल कहावत नहीं, बल्कि गहरे नैतिक और मनोवैज्ञानिक सत्य का संकेत है। प्रस्तुत कथा में सेठ और साधु का प्रसंग इसी तथ्य को उजागर करता है कि अन्यायपूर्वक अर्जित संसाधनों से किया गया धर्म-कर्म भी अंततः मन की शुद्धि नहीं कर सकता। बल्कि वह दूषित कर्मों की श्रृंखला को आगे बढ़ाता है। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगी कि बोलता है।

एक समय की बात है। एक बड़े शहर में एक सेठ जी रहते थे। उनका व्यापार खूब चलता था, लेकिन उनकी कमाई का एक हिस्सा सीधा-सादा नहीं था। उनकी स्टेशन मास्टर से साँठ-गाँठ हो गई थी, और वे आधी कीमत पर चोरी का बासमती चावल खरीद लेते थे। सेठ जी को भीतर-ही-भीतर लगता था कि वे कुछ गलत कर रहे हैं, लेकिन लालच की चमक उस आवाज़ को दबा देती थी। एक दिन उनके मन में विचार आया– 'इतना धन आ रहा है, तो थोड़ा धर्म-कर्म भी कर लेना चाहिए।' उन्होंने सोचा कि किसी साधु महाराज को बुलाकर खीर खिलाई जाए। बस, चोरी के चावल से मीठी-मीठी बासमती की खीर बनवाई गई और एक साधु बाबा को ससम्मान भोजन के लिए आमंत्रित किया गया। साधु बाबा आए। उन्होंने प्रेम से खीर खाई। खीर सचमुच स्वादिष्ट थी। दोपहर की धूप तेज थी, तो सेठ जी ने विनम्रता से कहा, 'महाराज, अभी विश्राम कर लीजिए। शाम को धूप कम हो जाए तो पधारिएगा।' साधु बाबा ने सहमति दे दी। जिस कमरे में साधु विश्राम कर रहे थे, उसी में सेठ जी ने 100-100 रुपये की 10 लाख रुपये की गड्डियाँ एक चादर से ढँककर रख दीं। साधु बाबा लेटे-लेटे उन गड्डियों को देख रहे थे। थोड़ी देर बाद उनके मन में एक अजीब-सा विचार आया– 'इतने पैसे हैं, अगर एक गड्डी रख लूँ तो किसे पता चलेगा? ' क्षण भर के लिए मन डगमगाया... और उन्होंने एक गड्डी उठाकर अपने झोले में रख ली।

**शाम को वे आशीर्वाद देकर चले गए।**

अगले दिन जब सेठ जी ने पैसे गिने, तो एक गड्डी कम निकली। वे चौंक गए। उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ कि साधु ऐसा कर सकते हैं। उन्होंने तुरंत नौकरों को बुलाया और पूछताछ शुरू कर दी। डाँट-फटकार, धमकी–सब शुरू हो गया। बेचारे नौकर घबराए हुए थे। तभी दोपहर में साधु बाबा वापस आ गए। उन्होंने अपने झोले से वही गड्डी निकाली और सेठ जी के सामने रख दी। बोले, 'नौकरों को मत डाँटिए, यह गड्डी मैंने ली थी। 'सेठ जी को विश्वास नहीं हुआ। बोले, 'महाराज! आप क्यों लेंगे? जरूर किसी नौकर ने डर के मारे आपको दे दी होगी। ' साधु बाबा ने गंभीर स्वर में कहा, 'नहीं सेठ जी, सच यही है कि मैंने ही चोरी की। लेकिन अब मैं उसे लौटाने आया हूँ। '

**सेठ जी हैरान थे। उन्होंने पूछा, 'महाराज, ऐसा कैसे हो गया? '**

तब साधु बाबा ने शांत स्वर में पूछा, 'सच-सच बताओ, वह खीर किस चावल से बनी थी? ' सेठ जी का सिर झुक गया। उन्होंने सारी बात बता दी–चोरी के चावल, आधी कीमत, और धर्म-कर्म से पाप ढकने की कोशिश।

**साधु बाबा बोले,** 'सेठ जी, वही चोरी का अन्न मेरे भीतर भी चोरी का भाव ले आया। जब तक खीर का असर था, मेरा मन डगमगाता रहा। सुबह जब पेट खाली हुआ, तब मेरी बुद्धि साफ हुई। लगा–'हे राम! मैंने क्या कर दिया? मेरे कारण निर्दोष नौकरों पर अत्याचार हो रहा होगा।' इसलिए मैं पैसे लौटाने आ गया। ' सेठ जी की आँखें खुल गईं। उन्हें समझ में आ गया कि केवल पूजा-पाठ से पाप नहीं धुलते। यदि कमाई का तरीका गलत है, तो उसका प्रभाव मन पर भी पड़ता है।

**यह कहानी हमें एक बहुत बड़ी सीख देती है–** जैसा खाओ अन्न, वैसा होवे मन। जैसी शुद्धि, वैसी बुद्धि। जैसे विचार, वैसा संसार।

बच्चो, याद रखो–सच्ची महानता धन से नहीं, ईमानदारी से आती है। गलत रास्ते से पाया गया लाभ कभी सच्ची खुशी नहीं देता। यदि हम सच्चाई और मेहनत से कमाएँगे, तो हमारा मन भी शांत रहेगा और हमारी बुद्धि भी निर्मल रहेगी।

**धर्म केवल पूजा या प्रसाद नहीं है। धर्म है**–सही रास्ते पर चलना, दूसरों का हक न मारना, और अपनी गलती स्वीकार करने का साहस रखना।

**इस कहानी का संदेश सरल है–** जीवन की मिठास केवल खीर से नहीं आती, बल्कि ईमानदारी से आती है। यदि हमारा अन्न शुद्ध होगा, तो हमारा मन भी शुद्ध रहेगा, और वही हमें सच्ची सफलता की ओर ले जाएगा।

# पंचायत चुनाव के लिए फाइनल वोटर लिस्ट जारी:

## 4.02 करोड़ वोटर्स देंगे वोट; 41 जिला परिषद, 457 पंचायत समितियों में अगले महीने चुनाव संभव

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर** । राजस्थान में राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव के लिए फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी। 4.02 करोड़ से ज्यादा वोटर्स चुनाव में मतदान करेंगे। 41 जिला परिषद और 457 पंचायत समितियों, 14 हजार 403 ग्राम पंचायतों में अगले महीने चुनाव संभव है। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया- पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव के लिए अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची बुधवार को जारी हो गई है। इसके अनुसार प्रदेश की पंचायत चुनाव में अब 4 करोड़ 2 लाख 20 हजार 734 वोटर्स दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया- अंतिम प्रकाशन तक 5 लाख 73 हजार 568 वोटर्स बढ़े हैं।




### बांसवाड़ा में सबसे ज्यादा बढ़े वोटर्स

राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया- बांसवाड़ा जिले में सबसे ज्यादा 4.55 प्रतिशत और फलोदी जिले में 4.46 प्रतिशत वोटर्स बढ़े हैं। वहीं टोंक जिले में सबसे कम 0.04 प्रतिशत, श्रीगंगानगर जिले में 0.19 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। उन्होंने बताया- 29 जनवरी 2026 को प्रकाशित प्रारूप सूची में 3 करोड़ 96 लाख 47 हजार 166 वोटर्स थे। वहीं आपत्तियां और सुझाव आने के बाद उनका निपटारा करते हुए 13 लाख 66 हजार 435 वोटर्स जोड़े गए। वहीं 7 लाख 92 हजार 867 वोटर्स हटाए गए।

### अब भी 12 जिला परिषदों का कार्यकाल बाकी

वर्तमान में 12 जिला परिषदों और 130 पंचायत समितियों में अब भी कार्यकाल बाकी है। ये कार्यकाल सितंबर, अक्टूबर और दिसंबर- 2026 तक पूरा होगा। 5 सितंबर तक 6 जिला परिषद, 78 पंचायत समितियों का कार्यकाल पूरा होगा। वहीं 29 अक्टूबर तक 2 जिला परिषद, 22 पंचायत समितियां का कार्यकाल खत्म होगा। इसके बाद 22 दिसंबर तक 4 जिला परिषद और 30 पंचायत समितियों का कार्यकाल पूरा हो जाएगा।

### जयपुर में 18 लाख से अधिक वोटर्स

जयपुर जिले की बात करें तो यहां 22 पंचायत समितियों में करीब 18.91 लाख वोटर्स हैं। इन 22 पंचायत समितियों में कुल 597 ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें चुनाव होंगे। इन सभी ग्राम पंचायतों का कार्यकाल पूरा हो चुका है।

### ओबीसी आयोग की रिपोर्ट बाकी

पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव में ओबीसी वर्ग का कितना आरक्षण होगा। इसके निर्धारण के लिए सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आयोग बनाया है। इस आयोग की रिपोर्ट अब तक नहीं आई। ऐसे में चुनाव में ओबीसी वर्ग के आरक्षण को लेकर भी स्थिति क्लीयर नहीं है। अगर आयोग रिपोर्ट पेश नहीं करता है तो सरकार पुराने आरक्षण के आधार पर चुनाव करवा सकती है।

# रामपुरा डाबड़ी में महिलाओं के सम्मान समारोह का किया पोस्टर विमोचन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चौमूं।**

**सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया** । रामपुरा डाबड़ी ग्राम पंचायत में बुधवार को बलाई विकास समिति जयपुर मुख्यालय-चौमूं के तत्वावधान में 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बलाई सभा-भवन मोरीजा रोड़ चौमूं में आयोजित होने वाले महिलाओं का सम्मान समारोह का पोस्टर विमोचन किया गया। समिति के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार एवं समारोह के मुख्य संयोजक लालाराम मेहरड़ा ने बताया कि समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली समाज की महिलाओं एवं समारोह में शामिल होने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में अधिकाधिक संख्या में महिलाओं को पहुंचने के लिए आमंत्रित किया।




इस दौरान समिति के उपाध्यक्ष कालूराम सामरिया, उपकोषाध्यक्ष नानगराम लुनिवाल, सदस्य घीसालाल बबेरवाल, गोवर्धन लाल बिदावत, निशा बुनकर, पूजा, रजनी, बसंती, मीना, छोटी देवी, सीमा देवी, मोनिका देवी, अनीता देवी, लाड़ा देवी, संजू देवी, भगवती देवी, सुनीता देवी, कांता देवी, सुमित्रा देवी आदि मौजूद रहे।

# झुंझुनूं में धनुरी टोल पर 18 गांव फ्री, धरना खत्म



### 20 किमी दायरे में 250 रुपए का मासिक पास बनेगा

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**झुंझुनूं** । झुंझुनूं के धनुरी टोल प्लाजा पर पिछले पांच दिनों से चल रहा धरना आखिरकार समाप्त हो गया। प्रशासन और संघर्ष समिति के बीच मैराथन वार्ता के बाद समझौता हुआ। 18 गांवों को पूरी तरह टोल मुक्त करने और टोल से 20 किलोमीटर की परिधि में आने वाले अन्य गांवों के लिए 250 रुपए का मासिक पास जारी करने पर सहमति बनी। बैठक रीटा चौधरी की मध्यस्थता में हुई, जिसमें ग्रामीणों की प्रमुख मांगों को स्वीकार किया गया।

### इन गांवों के लिए टोल फ्री

समझौते के तहत सोनासर, पीपल का बास, कालेरा का बास, लूणा, अम्बेडकर नगर, सहारण की ढाणी, धनुरी, नया बास, कयाम्सर, लादूसर, राहड़ों की ढाणी, बासड़ी, चैनपुरा, शोभा का बास, रामपुरा, कायमपुरा, फ्रांस का बास और कांट गांव के निजी वाहनों को अब टोल शुल्क नहीं देना होगा।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश



**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों की स्थिति एवं निस्तारण की प्रगति के साथ राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई।जिला कलेक्टर ने जल संरक्षण जन अभियान के संबंध में भी अधिकारियों के साथ चर्चा कर समीक्षा की। उन्होंने आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था के लिए प्रभावी कार्य योजना के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश दिए।जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को विभागीय फ्लैगशिप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव, एसडीएम कौशल्या बिश्नोई सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# सरसों की बंपर आवक से अटका उठाव-अनाज मंडी में आज नहीं होगी जिंसों की नीलामी

## काश्तकारों से गुरुवार को मंडावर अनाज मंडी में विक्रय हेतु जिंस नहीं लाने की अपील

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल** क्षेत्र में सरसों की रिकॉर्ड पैदावार ने मंडावर कृषि उपज मंडी में अभूतपूर्व दबाव पैदा कर दिया है, जहां असाधारण आवक के चलते परिसर में पैर रखने तक की जगह नहीं बची और व्यापारियों के प्रतिष्ठान व गोदाम पूरी तरह भर चुके हैं। किसानों से खरीदी गई सरसों का समय पर उठाव नहीं हो पाने से व्यवस्था चरमराने लगी है, जबकि अन्य मंडियों और प्रोसेसिंग इकाइयों तक माल भेजने के लिए ट्रकों की कमी और परिवहन में हो रही देरी ने संकट को और गहरा कर दिया है। मंडी परिसर में जिंसों का ढेर लगातार बढ़ने से नई आवक के लिए स्थान शेष नहीं रहा और आवागमन बाधित होने लगा, जिससे जाम और सुरक्षा जोखिम की स्थिति बन गई। हालात की गंभीरता को देखते हुए मंडी समिति और व्यापारियों के समन्वय से गुरुवार को कृषि जिंसों की नीलामी स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है। नीलामी स्थगन के पीछे उद्देश्य व्यवस्था को संभालना और अव्यवस्था से बचाव करना बताया गया है, क्योंकि उठाव ठप रहने से किसानों को बिना नीलामी लौटना पड़ सकता है और मंडी में अनावश्यक भीड़ बढ़ने का खतरा रहेगा। मंडी प्रशासन ने क्षेत्र के काश्तकारों से स्पष्ट अपील की है कि वे गुरुवार को सरसों सहित कोई भी जिंस लेकर मंडावर अनाज मंडी न आएं, ताकि किसानों को असुविधा न हो और वाहनों के जाम से बचा जा सके। प्रशासनिक स्तर पर परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने, ट्रकों की उपलब्धता बढ़ाने और गोदामों से उठाव तेज कराने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं, ताकि आवक-उठाव का संतुलन बन सके और स्थिति सामान्य हो सके।


अनाज मंडी में भारी मात्रा में सरसो के लगे ढेर

### इनका कहना है??

सरसों की रिकॉर्ड आवक और सीमित भंडारण क्षमता के कारण वर्तमान में नीलामी जारी रखना व्यावहारिक नहीं है। गोदाम लबालब हैं और परिवहन की रफ्तार धीमी है। किसानों और व्यापारियों के हित में गुरुवार को जिंसो की नीलामी स्थगित करने का फैसला लिया गया है।

**पारस जैन, अध्यक्ष, अनाज मंडी मंडावर।**

# बोर्ड परीक्षा केंद्रों का डीसी व एसपी ने किया निरीक्षण

## डीसी डॉ. विवेक भारती ने नकल रहित परीक्षा के लिए सुरक्षा एवं निगरानी मजबूत करने के दिए कड़े निर्देश

### मेहनत के दम पर सफलता प्राप्त करें विद्यार्थीः डीसी डॉ. विवेक भारती

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा** । डीसी डॉ. विवेक भारती ने जिला में चल रही सीबीएसई एवं हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं को नकल रहित एवं शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित करवाने के उद्देश्य से बुधवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीघड़ रोड स्थित स्प्रिंगबेल्स स्कूल, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, मॉडल टाउन स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक मॉडल स्कूल तथा पीएम श्री जीएसएसएस स्कूल का दौरा करते हुए चल रही परीक्षा प्रक्रिया का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी के साथ एसपी सिद्धांत जैन ने पुलिस व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान डीसी डॉ. विवेक भारती ने परीक्षा व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों तथा परीक्षार्थियों की सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की सख्ती से पालना करवाई जा रही है ताकि परीक्षाएं पारदर्शी व निष्पक्ष तरीके से संपन्न हों। डीसी ने केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों को पूर्णतः नकल विहीन बनाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। परीक्षार्थियों की प्रवेश से पूर्व जांच अनिवार्य रूप से की जाए तथा उनके पास किसी भी प्रकार की नकल सामग्री न हो। उन्होंने बाहरी स्रोतों से नकल की संभावनाओं को समाप्त करने के लिए सतर्क निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। डीसी ने निर्देश दिए कि परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी बाहरी व्यक्ति को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति न दी जाए। केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी व्यवस्था तथा ड्यूटी पर तैनात अध्यापकों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाए ताकि परीक्षा की पवित्रता बनी रहें। डॉ. विवेक भारती ने परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी मेहनत और ईमानदारी के बल पर सफलता प्राप्त करें। नकल के सहारे हासिल की गई सफलता स्थायी नहीं होती, जबकि परिश्रम से प्राप्त उपलब्धि जीवन में आगे बढ़ने का सशक्त मार्ग प्रशस्त करती है।



# जब मौसम करे उदास!

हमारी दिनचर्या ऋतु आधारित होती है। हम मौसम के अनुसार ही हम अपना खानपान, पहनावा और रोज़मर्रा के काम तय करते हैं। लेकिन मौसम अपने साथ एक खास तरह की बीमारी भी लाता है, क्या यह आप जानती हैं? मौसम के साथ आने वाली इस विशेष बीमारी को सैड यानी सीज़नल इफेक्टिव डिस्ऑर्डर के नाम से जाना जाता है, जो अवसाद का ही एक रूप है। यह किसी व्यक्ति को खास मौसम में हर बार अवसादग्रस्त बना देता है।

## कारण अनजान है

सीज़नल इफेक्टिव डिस्ऑर्डर क्यों होता है और इसके होने की वजह क्या है, इसे लेकर सेहत के जानकार आज भी किसी निर्णय पर नहीं पहुंच पाए हैं। लेकिन उनका मानना है कि सूरज की रोशनी की कमी इस डिस्ऑर्डर को बढ़ाती है। यह कमी व्यक्ति के उठने-बैठने और सोने के क्रम को प्रभावित करती है, जिसकी वजह से मस्तिष्क में मौजूद रसायन सेरोटिनन पर असर पड़ता है, जो मूड बदलने का कारण है।

## लक्षण आसान है

इस डिस्ऑर्डर का सीधा सम्बंध क्योंकि मूड से है, इसलिए इसके लक्षण पहचानना भी आसान है। अवसाद की इस स्थिति से कोई भी प्रभावित हो सकता है। इसमें व्यक्ति का मूड थोड़ी-थोड़ी देर में बदलता रहता है, वह ज्यादा उदास रहने लगता है और किसी भी काम में उसका मन नहीं लगता। प्रभावित व्यक्ति यादा खाना खाने लगता है और उसका वज़न भी बढ़ने लगता है। दिन में थका-थका सा महसूस होना और यादा सोना भी इसके लक्षणों में शामिल है।

यह सभी लक्षण हर साल एक विशेष मौसम में दिखाई पड़ते हैं। देखने में आया है कि सैड के लक्षण सितंबर या अक्टूबर अथवा अप्रैल और मई के बीच यादातर प्रभावित करते हैं।

## रोशनी में छुपा उपचार

चिकित्सक सैड के उपचार के लिए अधिकांशतः लाइट थैरेपी का उपयोग करते हैं, जो दो तरह से काम में लाई जाती है। पहली-ब्राइट लाइट थैरेपी, जिसमें रोगी को एक विशेष तरह के 'लाइट बाक्स' के सामने आधे घंटे या इससे यादा के लिए बैठाया जाता है। और दूसरी, हल्की लाइट थैरेपी, जो सुबह होने से पहले की रोशनी जैसी होती है और धीरे-धीरे बढ़ते हुए रोगी को सुबह का अहसास कराती है। इसके अलावा अवसादरोधी दवाएं और काउंसलिंग भी रास्ते हैं, जो रोग से उबरने में आपकी मदद कर सकते हैं। सैड से रोगमुक्त होने के पश्चात भी नियमित व्यायाम, दिनभर में ज्यादा से ज्यादा सक्रियता (खासकर सुबह के समय) की सलाह चिकित्सकों द्वारा दी जाती है।



## ज्यादा ठंडा दिल के लिए नहीं कूल

अगर आपको भी रोजाना ठंडी-ठंडी सॉफ्ट ड्रिंक गटकने की आदत है, तो आपके लिए वॉर्निंग है। एक नई स्टडी में दावा किया गया है कि रोज एक कैन यानी 350 मिलीलीटर सॉफ्ट ड्रिंक पीने वालों में हार्ट अटैक का खतरा 20 पर्सेंट तक बढ़ जाता है। ये ड्रिंक्स ज्यादा लेने से डायबीटीज और मोटापा बढ़ने की भी आशंका रहती है। हालांकि हफ्ते में दो सॉफ्ट ड्रिंक पीने वालों के दिल को खतरे के लक्षण नहीं दिखे हैं। वैज्ञानिकों ने 40 हजार पुरुषों पर सर्वे के बाद यह नतीजा निकाला। रोजाना सॉफ्ट ड्रिंक्स या दूसरी मीठी कोल्ड ड्रिंक्स लेने वालों के शरीर में खतरनाक फैट और प्रोटींस काफी बढ़ जाते हैं और अच्छे कॉलेस्ट्रॉल की मात्रा घट जाती है। यह दिल के लिए अच्छा नहीं होता। अहम बात यह है कि एक्सरसाइज जैसे फैक्टर्स से भी इसमें फर्क नहीं पड़ता। स्टडी करने वाले वैज्ञानिकों के लीडर डॉ. फ्रैंक हू कहते हैं कि सॉफ्ट ड्रिंक्स के बजाय पानी, चाय और कॉफी लेना बेहतर होता है।



## वजन बढ़ाती हैं सॉफ्ट ड्रिंक्स

भारत में एक्सपर्ट डॉक्टर इस स्टडी से पूरी तरह सहमत नहीं हैं लेकिन ज्यादा कोल्ड ड्रिंक से सेहत को खतरे की बात मानते हैं। ड्रिंक्स लेने का मतलब है ज्यादा कैलोरी लेना, जिससे मोटापा बढ़ सकता है जो तमाम बीमारियों की जड़ होता है। 50 मिलीलीटर मीठी सॉफ्ट ड्रिंक्स से 50 एक्स्ट्रा कैलोरी शरीर में पहुंचती है। रोजाना 300 एमएल ड्रिंक का मतलब 150 कैलरी ज्यादा। इससे एक साल में 8-9 किलो वजन बढ़ सकता है।

## फ्रिज में रखें ये आहार

यह बहुत जरूरी है कि सोते समय ऐसा पौष्टिक आहार ग्रहण करें जिससे हमारा पेट भरा रहे। रात में खाना खाने के बावजूद भी अगर भूख लग जाती है तो घर की फ्रिज बहुत काम आती है। क्योंकि उसमें ऐसा जरूर कुछ न कुछ होता ही है जिससे हम अपनी भूख शांत कर सकते हैं। आज हम बात करेंगे कि फ्रिज में ऐसी कौन सी जरूरी चीजे रखें जो रात-बिरात हमारे खाने के काम आए।

**फल-** सेब, पीपीता, स्ट्रॉबेरी और अंगूर जैसे फल पौष्टिक तो होते ही हैं साथ ही इनको कई दिनों तक फ्रिज में भी स्टोर कर के रखा जा सकता है। इन फलों को खाने से शरीर में वसा भी कम होती है। जब भी आप जल्दी में हो या फिर थके हुए हों तो भी आप इनका सेवन कर सकते हैं।

**सब्जियां-** कुछ सब्जियां जैसे कि टमाटर या फिर गाजर खाने से पेट भी भरा रहता है और स्वाद में भी यह बहुत टेस्टी होते हैं। टमाटर खाने से शरीर का फैट बर्न होता है और गाजर में विटामिन ए होता है जिससे आंखों की रौशनी बढती है। तो इसलिए यह दोनों सब जयां तो आपकी फ्रिज में होनी ही चाहिए।

**दूध-** वसा रहित दूध रात में आपकी भूंख से जा रही जान को बचा सकता है। यह सेहत के हिसाब से भी बहुत अच्छा होता है। किसी भी समय दूध को फल के साथ खाने से सेहत बनती है। दूध में कैल्शियम पाया जाता है और वसा रहित दूध से फैट नहीं होता।



**दही-** यह सेहत से भरपूर दही आप या तो ऐसे ही खा सकते हैं या फिर सलाद में डाल कर इसका प्रयोग कर सकते हैं। जब भी आप कॉलेज या ऑफिस के लिए लेट हों तब दही में नमक या चीनी मिला कर खाने से पेट भर जाता है और पेट भी सही रहता है।

**नींबू-** हर फ्रिज में नींबू होना बहुत जरूरी है। इसको खाने में स्वाद तो बढाता ही है साथ में फैट भी बर्न करता है। सलाद बना कर नींबू की कुछ बूंदें डालने से स्वाद आता है और नींबू का शरबत पीने से पेट भर जाता है।

# फ्रूट से फ्रेशनेस रहे कायम



**त्वचा की सही तरीके से देखभाल के लिए समय की दरकार होती है, पर टाइट शेड्यूल के चलते वैसा केयर संभव नहीं हो पाता है। लेकिन सौंदर्य विशेषज्ञ मोनिका झावेरी बता रही हैं कुछ फ्रूट मॉस्क के बारे में, जिनकी मदद से आप कम समय में भी खिला चेहरा पा सकते हैं। आइए जानते हैं उन्हें..**

## एप्पल मास्क

सामान्य त्वचा के लिए एप्पल मॉस्क मुफीद रहता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले सेब के टुकड़ों को फूड प्रोसेसर में डालें और उनके छोटे-छोटे टुकड़े कर लें। अब इसमें शहद मिलाएं और इसे फ्रिज में 10 मिनट के लिए रख दें। अब इस मिश्रण को चेहरे पर हल्के हाथों से लगाएं। चेहरे पर लगाने के बाद इसे 30 मिनट के लिए वैसा ही छोड़ दें और फिर धो दें। सेब में विटामिन ए, बी और सी की बढ़िया मात्रा होती है, लिहाजा यह एक प्रकार का एंटीऑक्सीडेंट भी है।

## ऑरेंज मास्क

मुंहासे एक सामान्य समस्या है और कुछ लोगों को यह अक्सर परेशान करती है। खासतौर से किशोरवय के लोग इससे ज्यादा जूझते रहते हैं। मुंहासों से भरी त्वचा के लिए आरेंज मॉस्क बढ़िया काम करता है। इसे बनाने के लिए संतरे में एक टी-स्पून पुदीना और नीबू का रस मिलाएं और फिर इसे चेहरे पर लगाएं। इसे चेहरे पर लगाने के बाद 30 मिनट के लिए छोड़ दें और चेहरा धो लें।

जैसा कि हम जानते हैं, संतरे में विटामिन सी भरपूर होता है, इसलिए यह एंटी-ऑक्सीडेंट और जिंक का बेहतरीन स्रोत है। यह न केवल मुंहासे से बचाव करता है, बल्कि त्वचा की भीतरी सफाई कर मृत त्वचा को निकालने में भी मदद करता है। चेहरे से काले धब्बों को भी यह हटाता है। वैसे इन समस्याओं से निजात पाने के लिए संतरे के जैसे और दूसरे खट्टे फल का भी उपयोग किया जा सकता है।



## स्ट्रॉबेरी मॉस्क

इस मॉस्क का उपयोग कमजोर त्वचा को मजबूत बनाने के लिए किया जाता है। इसे बनाना बहुत आसान है। सबसे पहले, पके हुए स्ट्रॉबेरी का आधा कप जूस लें और इसमें एक चौथाई कप कॉर्न स्टार्च मिलाएं। लीजिए, हो गया तैयार। अब इसे चेहरे पर 30 मिनट तक लगाकर रखें, फिर इसे ठंडे पानी से धो दें। आप अपनी कमजोर त्वचा में कसावट व ताजगी पाएंगे। देखने वालों को इसमें चमक दिखाई पड़ेगी।

# मोटापा बनता गर्भधारण में रुकावट



**मोटापा** महिलाओं के मां बनने के रास्ते में बहुत बड़ी बाधा खड़ी कर रहा है। पहले तो मोटी महिला गर्भ धारण बहुत ही मुश्किल से कर पाती है और यदि गर्भ ठहर भी जाए तो उसे कई जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। इस लिए ध्यान रखें कि गर्भधारण करने के पहले चर्बी न बढ़ाएं। मोटापा गर्भवती महिला की जान भी ले सकता है। मोटापा पेट में पल रहे बच्चे को भी हानि पहुंचाता है।

ऐसी स्थिति में पेट में पल रहा बच्चा भी काफि मोटा हो जाता है।

महिलाओं का मोटापा उनको बांझपन की ओर ले जा रहा है। कई शोधों से पता चला है कि मोटापा गर्भधारण करने में बहुत बड़ी अड़चन है। जो महिला मोटापे के बाद गर्भधारण कर के बच्चे को जन्म देती है उसका बच्चा भी 4 चार की उम्र तक आते आते मोटा हो जाता है। जो कि ठीक नहीं है। इस कारण आज की महिला अपने मोटापे को बड़ने नहीं देती जयरत पड़ने पर वह सर्जरी भी करवाती है। सर्जरी के बाद उनको गर्भधारण करने के लिए कम से कम दो साल का इंतजार करना पड़ता है।

# मुलहठी के मीठे उपयोग

**छोटे** बच्चों और बच्चों के लिए आमतौर पर उपयोग में लाई जाने वाली वनौषधियों में एक है- मुलहठी, इसे जेठीमध, मधुक, मधुयस्टि भी कहते हैं। अँग्रेजी में इसे लिकोरिस कहते हैं।विभिन्न प्रकार के रोगों की एक दवा मुलहठी है।यह स्वाद में मधुर, शीतल, पचने में भारी, स्निग्ध और शरीर को बल देने वाली होती है। इन गुणों के कारण यह बढ़े हुए तीनों दोषों को शांत करती है।

'खाँसी-जुकाम से बड़े हुए कफ को कम करने के लिए मुलहठी का ज्यादातर उपयोग किया जाता है। बढ़े हुए कफ से गला, नाक, छाती में जलन हो जाने जैसी अनुभूति होती है, तब मुलहठी को शहद में मिलाकर चाटने से बहुत फायदा होता है।

'बड़ों के लिए मुलहठी के चूर्ण का इस्तेमाल कर सकते हैं। शिशुओं के लिए मुलहठी के जड़ को पत्थर पर पानी के साथ 6-7 बार घिसकर शहद या दूध में मिलाकर दिया जा सकता है। यह स्वाद में मधुर होती है अतः सभी बच्चे बिना झिझक के इसे चाट लेते हैं।

'मुलहठी बुद्धि को भी तेज करती है। अतः छोटे बच्चों के लिए इसका उपयोग नियमित रूप से कर सकते हैं।

'मुलहठी की मधुरता से पित्त का नाश होता है। आमाशय की बढ़ी हुई अम्लता एवं अम्लपित्त जैसी व्याधियों में मुलहठी काफी उपयुक्त सिद्ध होती है। आमाशय के अंदर हुए व्रण (अलसर) को मिटाने के लिए एवं पित्तवृद्धि को शांत करने के लि मुलहठी का उपयोग होता है। मुलहठी को मिलाकर पकाए गए घी का प्रयोग करने से अलसर मिटता है।

'यह हल्की रेचक होती है। अतः पाचन के विकारों में इसके चूर्ण को इस्तेमाल किया जाता है। विशेषतः छोटे बच्चों को जब कब्ज होती है, तब हल्के रेच के रूप में इसका उपयोग किया जा सकता है। छोटे शिशु कई बार शाम को रोते हैं। पेट में गैस के कारण उन्हें शाम के वक्त पेट में दर्द होता है। उस समय मुलहठी को पत्थर पर घिसकर पानी या दूध के साथ पिलाने से पेट दर्द शांत हो जाता है।

अतः खाँसी, दमा, टीबी एवं स्वरभेद (आवाज बदल जाना) आदि फेफड़ों की बीमारियों में बहुत लाभदायक है। कफ के निकल जाने से इन रोगों के साथ बुखार भी कम हो जाता है। इसके लिए मुलहठी का एक छोटा टुकड़ा मुँह में रखकर चबाने से भी फायदा होता है।



## चेयरमैन छोटेलाल की बेटी पूजा ने बायोकेमिस्ट्री में नेट व जेआरएफ उत्तीर्ण किया

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**



**मनोज बुलाण ।** चेयरमैन छोटेलाल की पुत्री पूजा यादव ने बायोकेमिस्ट्री में नेट व जेआरएफ उत्तीर्ण किया है। पूजा ने आल इंडिया में 97 वी रैंक हासिल की है। गांव फैजाबाद के चेयरमैन की पुत्री ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से एमएससी पास की थी तथा वह प्रारंभ से मेधावी रही है। अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने दादा सुपरिंटेंडेंट रतन कुमार को दिया है। इस खास उपलब्धि पर परिवार के साथ गांव में उत्साह का माहौल बना हुआ है। पूजा का कहना है कि कड़ी मेहनत, लग्न, नियमित अभ्यास के बल पर व्यक्ति अपने उद्देश्य को हासिल कर सकता है। अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों, माता-पिता व मित्रों को दिया है।

## काबरा परिवार की लाडली बनी कंपनी सेक्रेटरी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



काबरा परिवार की लाडली ने सफलता का परचम लहराते हुए कंपनी सेक्रेटरी की परीक्षा उत्तीर्ण कर सीएस बनने में कामयाबी हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार, लक्ष्मणगढ़ हाल सूरत निवासी राकेश काबरा की सुपुत्री चंचल काबरा ने सीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर कंपनी सेक्रेटरी बनी है। चंचल की शानदार सफलता पर पारिवारिक सदस्यों व शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

## जाट बोर्डिंग हाउस संस्थान को गढ़वाल व नेहरा ने भेंट किए 51-51 हजार रुपए की राशि

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सीकर।**

जाट बोर्डिंग हाउस संस्थान सीकर को एक लाख दो हजार रुपए आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ है। यह जानकारी देते हुए संस्थान के प्रेस सचिव हरिश मील ने बताया कि गुमाना का बास कटराथल निवासी बनवारी लाल गढ़वाल पुत्र बृजमोहन गढ़वाल प्रधानाचार्य राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल जीण माता सीकर ने संस्थान को 51 हजार रुपए भेंट किए हैं। मील ने बताया कि गढ़वाल की सेवानिवृत्ति 28 फरवरी 2026 को है उन्होंने सेवानिवृत्ति पर फिजूल खर्च न करके उक्त राशि सामाजिक संस्थाओं में भेंट की जाएगी। जिससे समाज का उद्धार हो सके। इसी क्रम में प्रधानाचार्य गढ़वाल ने जाट बोर्डिंग हाऊस संस्थान सीकर को उक्त राशि भेंट की प्रधानाचार्य गढ़वाल द्वारा उक्त संस्थान को पहले भी राशि भेंट की हुई है। तथा भविष्य में भी सहयोग करने का आश्वासन दिया। मील ने बताया कि इसी क्रम में सूल्यावास दातारामगढ़ निवासी लक्ष्मी नारायण नेहरा (मिल्खा सिंह) पुत्र लालचंद नेहरा ने भी संस्थान को 51 हजार रुपए की राशि प्रदान की है।

## संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास सभा बालक (हिसार) रजि. न. 1844 की नवनियुक्त कार्यकारिणी घोषित।



**भीम प्रज्ञा न्यूज.बरवाला/हिसार।**

संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास सभा बालक जिला हिसार द्वारा एक मीटिंग रविदास मंदिर में बुलाई गई जिसमें सर्वसम्मति से प्रधान शमशेर सिंह, उपप्रधान मनदीप सिंह, महासचिव नरेश गुणपाल, सचिव अजय कुमार, सहसचिव सतीश कुमार, कोषाध्यक्ष आजाद सिंह, उपकोषाध्यक्ष रमेश कुमार, ऑडिटर कुलदीप सिंह व डा. राजीव, मुख्य संगठन सचिव प्रताप सिंह, संदीप सिंह व बलराज सिंह उर्फ़ शोलू, प्रचार सचिव बजरंग, विकास मोबाइल गैलरी, डा. राजू, राजेश गैस एजेंसी व सोनू टेंट हाउस, कार्यालय सचिव अजय गुणपाल, कार्यालय स्टोर कीपर विकास गुणपाल, अजय गुणपाल, लाइब्रेरी इंचार्ज मा. राजेश गुणपाल, विकास गुणपाल, सुखदेव सिंह एवं सदस्य डॉ. जयवीर सिंह, विवेक गुणपाल, राममेहर ठोलेदार, मंजीत सिंह, साहिल, डा. संदीप, शीतल मिस्त्री, अजीत सिंह, सतीश गुणपाल, सतीश ड्राइवर, सलाहकार रामभक्त, रामफल. चांदीराम, रामकिशन, बलवान दास, पालेराम, सत्यवान बालक, रामपाल, गोपाल, निहाल सिंह, मनोहर लाल, रामकिशन नंबरदार, सतबीर सिंह, सुबे सिंह, जगदीश, सुभाष टेलर, बंशी गुणपाल, मा. राजेराम, मा. गुलाब सिंह, मा. रिसाल, जोगी राम, मा. बनारसी दास, सुरेश, दयानन्द, राजेश, सबेरू, बजरंग लाल, मा. विकास गुणपाल, मा. सुनील कुमार, मा. प्रदीप ग्रोवर, मनजीत गुणपाल, राकेश कुमार, वजीर सिंह व मनोज भुक्कल को नियुक्त किया गया है।

# हरियाणा प्रगति के पथ पर तेजी से बढ़ रहा आगे: डॉ. कृष्ण कुमार

## विधायक डॉ. कृष्ण कुमार ने विधानसभा सत्र में प्रदेश में हो रही चहुंमुखी विकास पर की चर्चा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**



**भांडोरिया ।** बावल के विधायक डॉ. कृष्ण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित अंत्योदय की भावना को साकार कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने हरियाणा विजन डॉक्यूमेंट-2047 तैयार किया है। विधायक ने विधानसभा सत्र में प्रदेश सरकार द्वारा समान रूप से बिना भेदभाव के करवाए जा रहे चहुंमुखी विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बावल में भी विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है।

बावल के विधायक डॉ. कृष्ण कुमार चंडीगढ़ में हरियाणा विधानसभा सत्र के दौरान सदन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने, लागत कम करने और उनके जोखिम को न्यूनतम करने के लिए बहुआयामी नीतियां अपनाई हैं। अन्नदाता के सम्मान से प्रदेश प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए फसल अवशेष प्रबंधन के लिए 9 हजार 885 मशीनें सब्सिडी पर दी गई हैं। 'भावांतर भरपाई योजना' के तहत 157.16 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। हाल ही में, मधुमक्खी पालकों को बाजार के उतार-चढ़ाव के जोखिम से बचाने के लिए शहद को भी इस योजना में शामिल किया गया है। 'अमृत सरोवर योजना' के तहत ग्रामीण तालाबों का जीर्णोद्धार करके ग्रामीण जल सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार नारी शक्ति को राज्य के सर्वांगीण विकास का आधार मानती है और उनके सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है। प्रदेश सरकार ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। राज्य के विभिन्न जिलों में सांझा बाजार और बस स्टैंडों पर विशेष दुकानें स्थापित की गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की महिलाओं के प्रति सुरक्षा की प्रतिबद्धता से वर्ष 2025 में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में 16 प्रतिशत की कमी आई है। साइबर क्राइम के खिलाफ अपराध की रोकथाम में हरियाणा देश में सबसे आगे हैं। नशा-मुक्त हरियाणा के संकल्प के साथ, सरकार कार्य योजना-2029 के साथ मजबूती से आगे बढ़ रही है। युवा शक्ति नवाचार के माध्यम से 'विकसित भारत- विकसित हरियाणा' के विजन को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। हरियाणा सरकार ने भी युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों को प्राथमिकता दी है। वैश्विक और स्थानीय चुनौतियों से निपटने के लिए हरियाणा ने देश में अपनी तरह का पहला 'डिपार्टमेंट ऑफ़ फ्यूचर' बनाया है। यह पहल वर्ष 2047 तक 'विकसित हरियाणा' के विजन् को पूरा करने की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है।

विधायक ने बताया कि प्रदेश सरकार के सफल प्रयासों के परिणामस्वरूप हरियाणा अब निवेशकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। सरकार ने इज ऑफ डूइंग बिजनेस के मूल मंत्र को फलीभूत करते हुए निवेशकों के लिए आदर्श संरचना स्थापित की है। जैसे-जैसे ग्लोबल सप्लाई चेन विकसित हो रही है, एनसीआर क्षेत्र लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास को तरजीह देते हुए हमारी सरकार ग्रामीण स्तर पर शहरी सुविधाएं देने के लिए कई परियोजनाएं चला रही है। सरकार ने गांवों में अटल लाइब्रेरी, इंडोर जिम व महिला सांस्कृतिक केंद्र स्थापित किए हैं। हरियाणा सरकार की कुशल विकास योजनाओं से प्रदेश का चहुंमुखी विकास होगा और इसका लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग को मिलेगा।

## पानी को लेकर महिलाओ ने किया प्रदर्शन

### जलदाय विभाग कार्यालय का घेराव कर सुनाई खरीखोटी

### कस्बे के वार्ड 10 में पेयजल सप्लाई महीने भर से है बाधित, लोगो को हो रही है परेशानी

### महिलाओं ने दी चेतावनी शीघ्र समाधान नहीं किया तो बैठेगी धरने पर।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**



**पवन कुमार शर्मा ।** गर्मी की आहट होते ही कस्बे में वार्ड नंबर 10 में पीने के पानी की हो किल्लत बन गई है। पीने के पानी को लेकर लोगों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ रही है। जनता पानी को लेकर त्रस्त है तो विभाग के अधिकारी स्थिति को लेकर गंभीर नहीं है। वार्ड नंबर 10 जोगियों का मोहल्ला पिछले 1 महीने से लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं । पानी सप्लाई सुचारू रूप से करने की मांग को लेकर आज वार्ड के लोगों ने वाटर वर्क्स में पहुंचकर विभाग के जेईएन को जमकर खरी खोटी सुनाते हुए विभाग कार्यालय का घेराव किया । उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कल तक पानी सप्लाई व्यवस्था का समाधान नहीं हुआ तो वार्ड के लोग विभाग के समक्ष धरना देंगे। वार्ड के लोगो ने बताया कि करीब एक माह से पानी की सप्लाई नहीं होने पर वार्ड के लोगों ने जलदाय विभाग कार्यालय पर पहुंचकर अपना विरोध जताया। वार्ड की आक्रोशित महिलाओं ने कार्यालय में घेराव ओर प्रदर्शन कर विभाग द्वारा की जा रही अनदेखी को लेकर अधिकारियों को जमकर खरी खोटी सुनाई। आक्रोशित महिलाओं ने बताया कि कस्बे वार्ड 10 जोगियों का मोहल्ल में कई दिनों से ट्यूबवेल की मोटर खराब पड़ी है। विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को बार बार अवगत करवाने के बावजूद उसको ठीक नहीं किया जा रहा है। पेयजल की सप्लाई बाधित होने के चलते पानी की किल्लत लोगो के लिए परेशानी का कारण बन रही है। इस मौके पर किरण, सुविधा, भगवती, आशा, मुनेश, सबीना, किरण, मुकेश, राजू, प्रमोद, पवन मारोठिया, महेश योगी, राजकुमारी योगी, धर्मपाल योगी, गजेंद्र सिंह गहलोत, श्री राम जागिड़ सहित अनेक लोग उपस्थित थे। पानी की सप्लाई नही होने से लोगो में काफी आक्रोश बन रहा है। वार्ड की महिलाओ ओर पुरूषो ने आक्रोश जताते हुए विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

## होली से पहले बड़ी कार्रवाई: 180 किलो सिंथेटिक पनीर जब्त, मौके पर नष्ट

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**रमेशचंद ।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशानुसार होली पर्व को देखते हुए 24 फरवरी से 2 मार्च 2026 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग, जिला खैरथल - तिजारा की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 180 किलो मिलावटी एवं सिंथेटिक पनीर जब्त कर मौके पर ही नष्ट करवाया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला खैरथल-तिजारा डॉ. अरविंद गेट के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव ने बताया कि विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मेवात क्षेत्र से मिलावटी एवं सिंथेटिक पनीर सुबह के समय किशनगढ़ और खैरथल क्षेत्र में बिक्री के लिए लाया जाता है। सूचना के आधार पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सुबह करीब 6:00 बजे किशनगढ़ सर्किल पर नाकाबंदी कर सफेद रंग की ईको कार (नंबर RJ02 B 2804) को रुकवाया। वाहन की जांच करने पर उसमें रखी पांच पेटियों में करीब 180 किलो सिंथेटिक पनीर मिला। मौके पर मौजूद मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन से पनीर की जांच की गई, जिसमें पनीर मिलावटी और सिंथेटिक पाया गया। वाहन चालक ने पूछताछ में बताया कि यह पनीर किशनगढ़ एवं खैरथल कस्बे में रू170 प्रति किलो की दर से बेचा जाता है। विभाग द्वारा पनीर के नमूने लेकर खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला भेजे गए तथा करीब 180 किलो सिंथेटिक, मिलावटी एवं बदबूदार पनीर को मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के सदस्य महिपाल सिंह एवं सुभाष यादव भी उपस्थित रहे। विभाग द्वारा होली पर्व को देखते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

## नीमराना स्टील सर्विस सेंटर ने विद्यालय को डबल बैटरी इनवर्टर एवं कंप्यूटर सेट भेंट किया

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**




**रमेशचंद ।** बुधवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, मुंडनवाड़ा कला (ब्लॉक मुंडावर) में नीमराना स्टील सर्विस सेंटर कंपनी द्वारा सामाजिक सरोकार निभाते हुए विद्यालय को एक डबल बैटरी इनवर्टर एवं कंप्यूटर सेट सुप्रीम भेंट किया गया। कंपनी के जनरल मैनेजर बृजेश यादव, डिप्टी जीएम विजेंद्र यादव एवं असिस्टेंट मैनेजर स्वाती यादव ने विद्यालय पहुंचकर उपकरण प्रधानाचार्य को सुपुर्द किए। इस अवसर पर कंपनी के प्रतिनिधियों ने शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के दौरान जनरल मैनेजर बृजेश यादव ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह यादव ने भामाशाहों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया तथा स्वयं भी पौधारोपण कर इस पहल को सराहा। इस अवसर पर आईटीआई निर्देशक राकेश यादव, योगेश कुमार (भाजपा नेता), कृष्ण यादव, बलवंत यादव, बलवीर डीलर सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि इनवर्टर व कंप्यूटर सेट से विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा में सुविधा मिलेगी और बिजली बाधित होने की स्थिति में भी शिक्षण कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकेगा। कार्यक्रम का समापन सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

## मोबाइल एम्बुलेंस टीम देर रात तक सेवा मे

**भीम प्रज्ञा न्यूज.अजीतगढ़।**



इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी एंव जीव सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान मे खाटूमेलें मे 28 फरवरी तक अजीतगढ से जालपाली मोड श्रीमाधोपुर तक चलाई जा रही मोबाइल एंबुलेंस सेवा की टीम पदयात्रियों की सेवा मे जुटी हुई है। बुधवार को टीम ने 187 पदयात्रियों को प्राथमिक चिकित्सा मुहैया कराई। जानकारी देते हुये सोसायटी के तहसील प्रभारी कपिल मीणा ने बताया की मोबाइल एम्बुलेंस मे शंकर शर्मा,धर्मा सैंन,पवन टांक,महेश दीवान, दिनेश शर्मा सेवाएं दे रहे है। मोबाइल एम्बुलेंस टीम देर रात तक सेवा करने मे जुटी हुई है।

मोबाइल एम्बुलेंस सेवा के द्वारा रात्रि विश्राम पंडाल में भी श्याम पदयात्रियों के महरम पट्टी की जा रही है।

## थाना भुना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 2900 लीटर तैलीय पदार्थ सहित कैंटर काबू, अवैध भंडारण व बिक्री का मामला दर्ज

### आवश्यक वस्तु अधिनियम व पेट्रोलियम एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद/भुना।**



**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में अवैध भंडारण एवं तैलीय पदार्थ की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहें अभियान के तहत थाना भुना पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए 2900 लीटर तैलीय पदार्थ से भरे कैंटर सहित एक आरोपी को काबू किया है। थाना भुना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि बुधवार को एसआई रामपाल नं. 157 पुलिस टीम के साथ गश्त एवं अपराध जांच के दौरान नहर पुल, गोरखपुर क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान विश्वसनीय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक कैंटर में अवैध रूप से तैलीय पदार्थ भरकर उसे ऊंचे दामों पर बेचने के उद्देश्य से ले जाया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल नाकाबंदी की गई और संदिग्ध कैंटर को रोककर उसकी जांच की गई। चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अशोक कुमार पुत्र महाबीर सिंह निवासी गोरखपुर बताया। मौके पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निरीक्षक को बुलाया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि कैंटर की जांच के दौरान उसमें लगभग 2900 लीटर तैलीय पदार्थ भरा पाया गया तथा पीछे की ओर तेल मापने की मशीन भी लगी हुई थी। चालक किसी प्रकार का वैध बिल, परमिट या परिवहन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी की पहचान अशोक कुमार पुत्र महाबीर सिंह निवासी गोरखपुर व राजेश रेड्डु पुत्र बलराज सिंह निवासी बालक, हिसार के रूप में हुई।

## खाटूश्यामजी मेले में स्काउट गाइड कर रहे है सेवा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पलसाना।**



**पवन कुमार शर्मा ।** खाटूश्यामजी श्री श्याम फाल्गुनी लक्खी मेला 21 फरवरी से 28 फरवरी तक जारी है। लक्खी मेले में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मेला सेवा शिविर में स्काउट गाइड रोवर रेंजर सेवांए दे रहे है। शिविर संचालक सीओ स्काउट बसंत कुमार लाटा ने बताया की? चार पारियों में लगातार 24 घंटे श्याम भक्तों के बीच में अग्रणी सेवा कार्यो को अंजाम दे रहे हैं । इस दौरान स्काउट गाइड द्वारा मेला मजिस्ट्रेट कार्यालय के सामने, लखदातार ग्राउंड ,श्याम कुंड , चारण खेत जीग जेग एवं मेला परिक्षेत्र में अपने ड्यूटी पॉइंट पर सेवा कार्यों को संभाल रहे हैं। इसके साथ ही स्काउट गाइड द्वारा मेला परिसर में , जल सेवा, खोया पाया, प्राथमिक सहायता , कतारें बनवाना, दिव्यांग सहायता ,भीड़ नियंत्रण ,आपदा प्रबंधन, स्वच्छता, वृद्ध जनसेवा, सड़क सुरक्षा एवं विकंलाग व्यक्तियों को व्हील चेयर से पहुंचाना सहित विभिन्न सेवा कार्यों को अंजाम दे रहे है। सीओ स्काउट लाटा ने बताया कि स्थानीय संघ पलसाना, दांता, खंडेला, नीमकाथाना, खाटूश्यामजी, थोई, सीकर, अंजीतगढ, रींगस, शिंवसिहपुरा, धोद, पाटन, अलवर , दौसा, जयपुर, श्रीगंगानगर, झुंझुनू, अजमेर, के स्काउट गाइड रोवर रेंजर एवं स्काउटर गाइडर सहभागिता कर रहे हैं। द्वितीय सत्र में स्काउट एवं रोवर्स के द्वारा चारण खेत में स्वच्छता को तरोताजा करते हुए आसपास पड़ी गंदगी कचरे एवं पानी के बिखरे हुए खाली पाउच को एकत्रित कर श्रद्धालुओं एवं आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। वही अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी एवं प्रधान बाबूलाल गुर्जर, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी राकेश कुमार लाटा, मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी पलसाना नितेश कुमार शर्मा एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भी ड्यूटी पॉइंट पर सेवा दे रहे स्काउट गाइड के सराहनीय कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर रामलाल चौधरी, गिरधारी लाल डावर, सचिव पवन कुमार शर्मा, प्रभुदयाल कुमावत, एडवोकेट जनार्दन शर्मा, सुवालाल कुमावत विष्णु शर्मा, पप्पू राम मीणा, राजवीर सिंह यादव, सांवरमल छब्बरवाल, सीताराम गुप्ता, देवीलाल जाट, मोहनलाल सुखाड़िया, दिलीप कुमार तिवाडी, रामनिवास डाबला, रामपाल सिंह, मीडिया कोर्डिनेटर राघव शर्मा, इरशाद , लखन बावरिया, निक्की जांगिड़, पितांबर लोरा, सचिन शर्मा सहित स्काउट, गाइड, रोवर रेंजर स्काउटर, गाइडर, रोवर लीडर व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## घरदाना खुर्द में जीरो प्लास्टिक वेस्ट अभियान सफल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

घरदाना खुर्द ग्राम पंचायत में 'जीरो प्लास्टिक वेस्ट' अभियान का जोरदार आयोजन हुआ। सिंघाना के सहायक ब्लॉक विकास अधिकारी अरविंद जी की उपस्थिति में गांधी फेलो महेंद्र के निर्देशन में संपन्न इस कार्यक्रम में सरपंच उम्मेद, राजीविका रिसोर्स पर्सन वर्षा, ग्राम विकास अधिकारी रमेश और आदर्श स्कूल के शिक्षक एवं बच्चे सक्रिय रूप से शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता सत्र से हुई, जिसे सुदेशना ने संचालित किया। सत्र में प्लास्टिक कचरे के हानिकारक प्रभावों, इसके विकल्पों और पुनर्चक्रण पर विस्तृत चर्चा हुई। ग्रामीणों, खासकर महिलाओं और बच्चों ने प्लास्टिक मुक्त जीवन अपनाने का संकल्प लिया। एबीडीओ अरविंद ने कहा, 'प्लास्टिक प्रदूषण हमारे पर्यावरण और भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। ग्रामीण स्तर पर ऐसे अभियान बदलाव लाते हैं।' उन्होंने राजीविका की महिलाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण करवाने की भी बात रखी, ताकि वे प्लास्टिक विकल्पों पर आधारित स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकें। इसके बाद बच्चों और गांव की महिलाओं ने उत्साहपूर्ण रैली निकाली। आदर्श स्कूल के छात्र-छात्राओं ने 'प्लास्टिक बंद करो, पर्यावरण बचाओ' जैसे नारे लगाते हुए गांव की गलियों में मार्च किया। रैली में सरपंच उम्मेद जी सहित कई ग्रामीण शामिल हुए।राजीविका की महिलाओं ने रैली के दौरान इकट्ठे किए पुराने कपड़ों से सुंदर बैग बनाए और इन्हें गांव के दुकानदारों को उपहार स्वरूप सौंपा। यह पहल प्लास्टिक बैग के विकल्प के रूप में सराहनीय रही। रैली के बाद अभियान को और मजबूती देने के लिए सहायक ब्लॉक विकास अधिकारी अरविंद जी, सरपंच उम्मेद जी और गांधी फेलो महेंद्र ने श्रमदान किया। उन्होंने गांव की सड़कों, गलियों और खुले स्थानों से बिखरा प्लास्टिक कचरा साफ किया। उनका यह व्यावहारिक योगदान सभी के लिए प्रेरणादायक रहा और ग्रामीणों को भी कचरा साफ करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण विषयक चित्रकला प्रतियोगिता से हुआ। बच्चों ने उत्कृष्ट चित्र बनाए, जिन्हें सरपंच द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन ने घरदाना खुर्द में पर्यावरण जागरूकता की नई लहर पैदा की है। स्थानीय प्रशासन ने अन्य पंचायतों में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने

**रॉबिंसन केमिकल्स प्रा.लि.**

पंजीकृत कार्यालय–एच–309, नियर फोरेस्ट रेंज ऑफिस, अरे बाईपास रोड़, काठयातबारां, बागेश्वर – 263642, उत्तराखण्ड

कृषि एवं सहकारीता विभाग कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी आदेश स. 2900 (ई.) दिनांक 24.10.2015 और आज तक के FCO संशोधन की अनुपालना में रोबीनसन केमिकल्स प्रा.लि. द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न निर्दिष्टियों के अनुसार जैव उर्वरक एवं 100 प्रतिशत जल में विलय उर्वर्क राजस्थान राज्य में प्रस्तुत कर रहे हैं।

1. माइकोराइजा (दानेदार एवं पाउडर )
2. कैरियर बैस्ड कनसोरटिया
3. चिलिटेड जिंक, जिंक ग्लाईसीन (लिक्विड)
4. फोंटिफाईड कैल्सियम सशपेंशन
5. राजस्थान ग्रेड–1
6. राजस्थान ग्रेड–2
7. एन.पी.के. 11–11–8 फोंटिफाईड विथ जिंक एवं बोरोन
8. एन.पी.के. 8–21–21 फोंटिफाईड विथ मैग्निशियम, सल्फर, जिंक एवं बोरोन
9. एन.पी.के. 9–24–24 फोंटिफाईड विथ मैग्निशियम, सल्फर, जिंक एवं बोरोन
10. पोटाश ड्राइवड फोर्म मौलासेज
11. पोटेशियम थायो सल्फेट
12. सल्फर 90 प्रतिशत (पाउडर)
13. सल्फर विथ जिंक ग्रेन्युलर
14. जिंक ऑक्साइड कन्सट्रेट (39.5 प्रतिशत)
15. जिंक सल्फेट मोनोहाइड्रेट
16. केलिशियम नाइट्रेट
17. सल्फर बेन्टोनाईट
18. डाई सोडियम ऑक्टा बोरेट टेट्रा हाईड्रेट (बोरोन 20 प्रतिशत)
19. पोटैशियम शोएनाईट (00–00–23)
20. यूरिया फोस्फेट (17–44–00)
21. एन.पी.के. 20–20–20
22. एन.पी.के. 00–00–50

# घरदाना खुर्द में जीरो प्लास्टिक वेस्ट अभियान सफल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

घरदाना खुर्द ग्राम पंचायत में 'जीरो प्लास्टिक वेस्ट' अभियान का जोरदार आयोजन हुआ। सिंघाना के सहायक ब्लॉक विकास अधिकारी अरविंद जी की उपस्थिति में गांधी फेलो महेंद्र के निर्देशन में संपन्न इस कार्यक्रम में सरपंच उम्मेद, राजीविका रिसोर्स पर्सन वर्षा, ग्राम विकास अधिकारी रमेश और आदर्श स्कूल के शिक्षक एवं बच्चे सक्रिय रूप से शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता सत्र से हुई, जिसे सुदेशना ने संचालित किया। सत्र में प्लास्टिक कचरे के हानिकारक प्रभावों, इसके विकल्पों और पुनर्चक्रण पर विस्तृत चर्चा हुई। ग्रामीणों, खासकर महिलाओं और बच्चों ने प्लास्टिक मुक्त जीवन



अपनाने का संकल्प लिया। एबीडीओ अरविंद ने कहा, 'प्लास्टिक प्रदूषण हमारे पर्यावरण और भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। ग्रामीण स्तर पर ऐसे अभियान बदलाव लाते हैं।' उन्होंने राजीविका की महिलाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण करवाने की भी बात रखी, ताकि वे प्लास्टिक विकल्पों पर आधारित स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकें। इसके बाद बच्चों और गांव की महिलाओं ने उत्साहपूर्ण रैली निकाली। आदर्श स्कूल के छात्र-छात्राओं ने 'प्लास्टिक बंद करो, पर्यावरण बचाओ' जैसे नारे लगाते हुए गांव की गलियों में मार्च किया। रैली में सरपंच उम्मेद जी सहित कई ग्रामीण शामिल हुए।राजीविका की महिलाओं ने रैली के दौरान इकट्ठे किए पुराने कपड़ों से सुंदर बैग बनाए और इन्हें गांव के दुकानदारों को उपहार स्वरूप सौंपा। यह पहल प्लास्टिक बैग के विकल्प के रूप में सराहनीय रही। रैली के बाद अभियान को और मजबूती देने के लिए सहायक ब्लॉक विकास अधिकारी अरविंद जी, सरपंच उम्मेद जी और गांधी फेलो महेंद्र ने श्रमदान किया। उन्होंने गांव की सड़कों, गलियों और खुले स्थानों से बिखरा प्लास्टिक कचरा साफ किया। उनका यह व्यावहारिक योगदान सभी के लिए प्रेरणादायक रहा और ग्रामीणों को भी कचरा साफ करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम का समापन पर्यावरण विषयक चित्रकला प्रतियोगिता से हुआ। बच्चों ने उत्कृष्ट चित्र बनाए, जिन्हें सरपंच द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन ने घरदाना खुर्द में पर्यावरण जागरूकता की नई लहर पैदा की है। स्थानीय प्रशासन ने अन्य पंचायतों में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है।

## खुशी शर्मा ने युवा संसद में जिला स्तर पर हासिल किया तृतीय स्थान,राज्य स्तर के लिए हुआ चयन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत युवा संसद की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन श्री कल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय सीकर में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में लक्षमनगढ की खुशी शर्मा पुत्री श्रीकांत शर्मा ने अपने उत्कृष्ट वक्तव्य, विषय की गहरी समझ एवं प्रभावशाली प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने आपातकाल के पचास वर्ष : भारत के लोकतंत्र के लिए सबक' विषय पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। उनके तार्किक तर्क, सशक्त अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त करने के पश्चात अब खुशी शर्मा का चयन राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद के लिए हुआ है, जो राजस्थान विधानसभा में आयोजित की जाएगी। वहाँ वे अपने विचारों से जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## मंडावा में जमीन बेचने के नाम 2 लाख रुपये की धोखाधड़ी, चार के खिलाफ मंडावा थाने में मामला दर्ज

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा** । मंडावा के वार्ड नं. 02 निवासी शंकुतला देवी बलोदा ने जमीन के सौदे के नाम पर 2 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। शिकायत के आधार पर मंडावा पुलिस स्टेशन में सुरेन्द्र सैनी, महेन्द्र सैनी , गोविन्द सैनी और शंकर सैनी , सभी राधे श्याम सैनी के पुत्र हैं (सभी निवासी मंडावा) के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने खेत बेचने का प्रस्ताव देकर विश्वास में लिया और साई के रूप में 2 लाख रुपये नगद ले लिए। बाद में न तो जमीन की रजिस्ट्री करवाई और न ही रकम लौटाई। आरोप है कि रुपये मांगने पर गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 318(4) व 316(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच संबंधित अधिकारी को सौंपी गई है।

## विराट हिंदू महासम्मेलन के सफलतापूर्वक सम्पन्न के पश्चात समीक्षा एवं लेखा-जोखा बैठक आज

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** मंडावा में आयोजित हुए 'विराट हिंदू महासम्मेलन के सफलतापूर्वक संपन्न के बाद आज गुरुवार को विशेष समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। मंडावा नगर कार्यवाह सीताराम सैनी ने बताया कि इस भव्य आयोजन की सफलता में प्रत्येक कार्यकर्ता का योगदान बड़ा सराहनीय रहा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान प्राप्त हुई सहयोग राशि एवं कुल हुए लागत खर्च के विषय में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने को लेकर एक विशेष समीक्षा बैठक आज फतेहपुर स्टैंड गोयनका चौक, मंडावा में शाम 6 बजे आयोजित होनी प्रस्तावित है।इस बैठक में आयोजन का पूर्ण लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं से समय पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई जिससे समस्त लेखा जोखा को अंतिम रूप दे सकें और भविष्य की रूपरेखा साझा कर कार्यक्रम की सफलता पर सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया जा सके।

## बाल भारती विद्या निकेतन द्वारा मंडावा में फागोत्सव आज

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा** । सुभाष चौक स्थित कमला अतिथि गृह में गुरूवार को शाम पांच बजे से श्री सर्वहितेषी व्यायामशाला की ओर से तथा कोलकाता प्रवासी उद्यमी व भामाशाह सेठ आत्माराम सोंथलिया परिवार के आर्थिक सहयोग से यह फाल्गुनी महोत्सव हमेशा आयोजित किया जाता है। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक पंकज शर्मा ने दी। इसी प्रकार कस्बे के वार्ड 17 स्थित बाल भारती विद्या निकेतन द्वारा शुक्रवार को शाम चार बजे फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक राजेन्द्र सनोदिया ने बताया की इस मौके पर शेखावाटी की प्रसिद्ध डफ मण्डली के कलाकारों द्वारा चंग पर प्रस्तुतियां दी जाएगी ।

## तीन दशक बाद ठाकुरजी संग श्रद्धालु प्रेम रंग में रंगे, श्री जानकी वल्लभ मंदिर में सजा फाग महोत्सव

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

करीब तीन दशक बाद ठाकुरजी संग श्रद्धालु प्रेम रंग में रंगे। अवसर था विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ की ओर से श्री जानकी वल्लभ जी के मंदिर में महंत मधुसूदनाचार्य महाराज के सानिध्य में आयोजित फाग महोत्सव का । मंदिर परिसर में करीब तीन दशक बाद फाग महोत्सव का आयोजन हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने तीन दशक बाद ठाकुरजी के संग फाग महोत्सव मनाया। यह जानकारी देते हुए पंडित विष्णु शास्त्री ने बताया कि भगवान जानकीनाथ की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा समारोह पिछले दिनों ही आयोजित हुआ था ।उसके बाद मंदिर परिसर में पहली बार फाग महोत्सव का आयोजन हुआ। महोत्सव में कुसुम निलिमा शर्मा के



नेतृत्व में शानदार प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर सुनिता शर्मा, कृष्णा शर्मा, उर्मिला शर्मा, डॉ अर्चना पुरोहित,संतोष काबरा, कुसुम पुजारी, गीता जोशी, संजना शर्मा, माया शर्मा, सुमन सैनी, सोनू सैनी, सरिता शर्मा, अरूणा शर्मा, वीणा शर्मा, सुमन पासोरिया, नीतू ढण्ड, कुशुम जोशी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि मंदिर प्रांगण में 27 फरवरी को भी फागोत्सव का कार्यक्रम आयोजित होगा।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के लिए 28 फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन

### अनुसूचित जाति, पिछड़ी वर्ग व विमुक्त जनजाति के विद्यार्थियों को मिलेगा योजना का लाभ

### पात्र विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दी जाएगी छात्रवृत्ति

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**

**भांडोरिया** । पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के तहत अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। योजना के तहत अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विमुक्त जनजाति के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र विद्यार्थी नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर अपना पंजीकरण 28 फरवरी तक करवा सकते है। डीसी अभिषेक मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत सरकारी अथवा निजी शिक्षण संस्थाओं में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। पात्र विद्यार्थी 28 फरवरी तक पंजीकरण अवश्य करें ताकि वे आर्थिक वजह से उच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित न रहें। उन्होंने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति के लिए छात्र को



पीएमएस-एससी के लिए अनुसूचित जाति श्रेणी और पीएम-यशस्वी घटक-2 के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग या विमुक्त जनजाति से संबंधित श्रेणी से होना चाहिए, छात्र हरियाणा राज्य का निवासी हो और छात्र की वार्षिक पारिवारिक आय 2 लाख 50 हजार रुपए से अधिक न हो। वह पात्र शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए 28 फरवरी तक www.scholarships.gov.in पोर्टल से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## फ्लाइंग बाबा के नाम विख्यात वृंदावन के संत अनन्तदास महाराज गोयनका संस्थान पधारे

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

फ्लाइंग बाबा के नाम से विख्यात वृंदावन के संत अनन्तदास महाराज बुधवार को निजी प्रवास पर लक्ष्मणगढ़ स्थित गोयनका शिक्षा एवं शोध संस्थान में पधारे। गोयनका संस्थान में चल रहे शतचंडी महायज्ञ कार्यक्रम में पधारे बाबा गोयनका संस्थान में प्रवास कर रहे हैं। अपने संस्थान प्रवास के दौरान महाराज ने शतचंडी महायज्ञ की नित्य पूजा एवं महाआरती में



भाग लिया एवं साथ ही गोयनका संस्थान की सभी इकाइयों में भ्रमण करते हुए वहां उपस्थित छात्र छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर गोयनका संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी डॉ गिरीश शर्मा ने उनका स्वागत किया एवं आशीर्वाद लिया। ज्ञात रहे कि फ्लाइंग बाबा समय समय पर गोयनका संस्थान पधारते रहे हैं एवं गोयनका संस्थान एवं यहां के सदस्यों पर उनकी विशेष कृपा रही है।

## श्रीमद भागवत गीता आयोजन अनवरत रूप से जारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**

**कमल किशोर पंवार ।** सनातन संस्कृति के 16 संस्कारों की क्लास व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में भाग लिया,इस अवसर पर अनेक लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय गीता उपदेश योगी मोहन नाथ महाराज के पावन सानिध्य में चल रहे घर-घर गीत हर घर गीत अभियान व श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान उपदेश दिव्य सत्संग प्राप्त किया। दोपहर 1:00 बजे से 3:30 बजे तक गीता



उपदेश व सायंकाल समय हनुमान चालीसा जिसमें हनुमान जी की ढाणी में स्थित डहर का बालाजी के पुजारी अनिल शर्मा (मोंटू) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ो माताएं,बहने एवं बच्चे संस्कृति का ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं ।23 फरवरी से 2 मार्च तक चलने वाले इस कार्यक्रम में सभी सहभागी हो रहे है। साथ ही हनुमान चालीसा पाठ 7: 00 से 8:00 तक प्रतिदिन हो रहा है।

## हरियाणा बोर्ड परीक्षा के लिए निर्धारित ड्यूटी का करें गंभीरता से पालनः डीसी

### डीसी व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, लिया व्यवस्थाओं का जायजा

### डीसी अभिषेक मीणा ने संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**

**भांडोरिया ।** डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की एक अप्रैल तक आयोजित होने वाली 10वीं, 12वीं व डीएड की वार्षिक परीक्षाओं के लिए संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित ड्यूटी का गंभीरता से पालन करें। परीक्षा नकल रहित, शांतिपूर्ण हो, इसके लिए सभी दिशा निर्देशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाए। डीसी अभिषेक मीणा ने बुधवार को लघु सचिवालय सभागार में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षा के मद्देनजर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सभी उपायुक्त के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वीसी उपरांत डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना जिला प्रशासन द्वारा प्रभावी रूप से की जाएगी।

डीसी ने कहा कि एसडीएम, डीईओ, बीईओ सहित अन्य विभागीय अधिकारियों की अगुवाई में परीक्षाओं के



लिए उड़नदस्तों का गठन किया गया है। विद्यार्थी बोर्ड की हिदायत अनुसार शांति पूरक परीक्षा दें। ड्यूटी पर तैनात संबंधित अधिकारी व सुपरवाईजर सभी हिदायतों का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि बोर्ड परीक्षा शांतिप्रिय ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। किसी भी रूप से भ्रामक जानकारी फैलाने व फेक न्यूज पर प्रशासन की पैनी नजर है। उन्होंने आमजन को सचेत किया कि आधारहीन खबरों व अन्य भ्रामक जानकारी से बचें और कोई भी इस प्रकार की तथ्यहीन जानकारी साझा न करें।

### परीक्षा केंद्रों पर रहे व्यापक व्यवस्था

डीसी अभिषेक मीणा ने एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के साथ जिला के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई परीक्षा के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने नकल रहित परीक्षा सम्पन्न करवाने के लिए ड्यूटी पर तैनात स्टाफ सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नकल रहित परीक्षा सम्पन्न करवाने के लिए जिला में गठित की गई उड़नदस्ता की टीमें भी सतर्क रही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं पेयजल, बिजली, शौचालय एवं बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी परीक्षा केंद्रों का निरंतर निरीक्षण करें। सभी अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षाओं की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। डीसी ने जिला के सरपंचों से भी आह्वान किया है कि वे अपने-अपने गांवों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों के बाहर भीड़ एकत्रित न होने दें।

### जिला में 54 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही बोर्ड परीक्षा

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के तत्वावधान में आयोजित परीक्षा के अंतर्गत जिला रेवाड़ी में 54 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसके तहत 10वीं में 8502, 12वीं में 8476 तथा डीएड में 376 परीक्षार्थी शामिल हैं। परीक्षा नकल रहित करवाने के लिए बोर्ड स्तर, एसडीएम स्तर तथा खंड शिक्षा अधिकारी स्तर पर फ्लाईंग स्क्वायड का गठन किया गया है, जिसके तहत परीक्षा केंद्रों पर चेकिंग की जाएगी। सभी संबंधित विभागों के अधिकारी ईमानदारी, निष्पक्षता और अलर्ट मोड में कार्य करें। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन व डिजिटल वॉच पर पाबंदी रहेगी। डीसी ने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियों की एंट्री के दौरान सही से जांच हो।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर एसडीएम सुरेश कुमार, एसडीएम कोसली विजय कुमार यादव, सीटीएम जितेंद्र कुमार, डीएसपी रविंद्र, डीडीपीओ एचपी बंसल, जिला शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा, जिला मौलिक शिक्षा प्रदीप कुमार दहिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# टोहाना एसडीएम आकाश शर्मा आई ए एस ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना/जाखल।**

**रजत विजय रंगा ।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी की परीक्षाओं का सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को एसडीएम आकाश शर्मा ने परीक्षा केंद्र का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम ने छात्रों और परीक्षा स्टाफ से बातचीत कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को निगरानी मजबूत करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बुधवार को गांव म्योंद, चांदपुरा व टोहाना शहर के स्कूलों में परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करते हुए मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को पूर्णतः नकल मुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने परीक्षा केंद्र में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और नकल रहित माहौल में संपन्न करवाने के लिए पूरी सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों का प्रयोग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन इस दिशा में पूरी गंभीरता से



कार्य कर रहा है, और परीक्षा केंद्रों पर निगरानी रखी जा रही है। हरियाणा विधालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए है। इसके अलावा फ्लाइंग स्क्वायड की टीमें भी गठित की गई है जो अपने निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण करेगी। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों में कमरों में लाइट की व्यवस्था करना सुनिश्चित करे। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता ताकि परीक्षार्थियों को कोई असुविधा न हो। दरवाजे और खिड़कियों की उचित मरम्मत ताकि कोई बाधा उत्पन्न न हो। परीक्षा केंद्र पर शांत और अनुशासित वातावरण हो जिससे छात्र ध्यानपूर्वक परीक्षा दे सकें। सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा करने और किसी भी अनुचित गतिविधि को रोकने के निर्देश।

## आरक्षण की मांग पर सैनी समाज का जयपुर कूचः मंडावर से सैनी समाज के लोग जन अधिकार यात्रा में हुये शामिल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** मंडावर तहसील क्षेत्र से सैनी समाज के सैकड़ों लोग बुधवार सुबह आरक्षण संघर्ष समिति के बैनर तले अपनी ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर तिरंगी झंडियां हाथों में लिए वाहनों से जयपुर के लिए रवाना हुए और 22 गोदाम धरना स्थल पहुंचकर विधानसभा घेराव की प्रस्तावित रणनीति में शामिल हुए। समाज के युवा छात्र नेता महेंद्र खडोडिया और पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सोहनलाल सैनी ने बताया कि 19 फरवरी से भरतपुर के गंधार क्षेत्र से आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष सीपी सैनी के नेतृत्व में निकली जन अधिकार यात्रा गांव-कस्बों और शहरों से गुजरती हुई राजधानी तक पहुंची है, जिसमें पूरे राजस्थान से लाखों की संख्या में समाजजन जुटे हैं। इसी क्रम में मंडावर से एक बस, दो पिकअप और एक कार से करीबन 150 लोग भोजन पैकेट साथ लेकर जयपुर पहुंचे, जहां प्रदेशभर से आए सैनी, माली, कुशवाह, शाक्य, मौर्य और सुमन समाज के लोग 12 प्रतिशत पृथक आरक्षण सहित ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर एकत्र हुए और गांधीवादी



तरीके से आंदोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। 22 गोदाम सर्किल के पास विशाल जमावड़े के बीच समाज के जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने धरना स्थल पर मौजूद जनसमूह को संबोधित करते हुए सरकार से मांगों पर ठोस निर्णय की अपेक्षा जताई, वहीं विधानसभा की ओर बढ़ने से पहले मुख्यमंत्री कार्यालय में सरकार की ओर से सैनी समाज द्वारा गठित ग्यारह सूत्रीय कोर कमेटी को वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया, जिसमें बांदीकुई विधायक भागचंद टाकंडा और मंत्री अविनाश गहलोत सहित प्रतिनिधियों ने समाज की ओर से पक्ष रखा। वार्ता के दौरान सरकार ने मांगों पर सकारात्मक विचार और प्रक्रिया आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद आंदोलनकारी संतुष्ट होकर शांति और अनुशासन के साथ लौटे और सरकार के आश्वासन पर भरोसा जताते हुए अपने-अपने गंतव्यों की ओर रवाना हुए। आंदोलन में ओबीसी के लिए विशेष कानून, महात्मा ज्योतिबा फुले और संत लिखमीदास महाराज की जन्मस्थली को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा, महात्मा फुले शोध संस्थान और फुले दंपती संग्रहालय की स्थापना, बागवानी बोर्ड और महाराजा सूरजमल बोर्ड के गठन, महात्मा फुले फाउंडेशन की स्थापना तथा फल-सब्जी मंडियों में समाज को प्राथमिकता जैसे मुद्दों पर व्यापक समर्थन देखने को मिला।

इस दौरान मंडावर तहसील क्षेत्र से डॉ. रामकिशन सैनी, महेंद्र खडोडिया, सोहनलाल सैनी, राधेश्याम सैनी, कुलदीप सैनी, भगवानसहाय सैनी, सोनू भूड़ा, रामजीलाल सैनी, बद्री डायरेक्टर, मानसिंह सैनी, सरदार सैनी, हरजी सैनी और श्रीकृष्ण सैनी सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल रहे।

# लोटवाड़ा हत्याकांड का खुलासा, बैजूपाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई में छह आरोपी गिरफ्त में

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर/बैजूपाड़ा।**

**मनोज खंडेलवाल ।** लोटवाड़ा क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले बहुचर्चित हत्याकांड का बैजूपाड़ा थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए बड़ी कार्रवाई में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर वारदात की परतें खोलीं। पुलिस के अनुसार 20 फरवरी 2026 की रात बड़ा बाड़ा लोटवाड़ा के पास स्विफ्ट कार से लौट रहे कुंजीलाल मीना और उसके साथी मोनू को साजिशन घेरकर तीन कारों से आए 10 से 15 युवकों ने आगे-पीछे से रास्ता रोक लिया, पिस्टल और देसी कट्टे जैसे हथियार दिखाकर दोनों को जबरन उठा लिया, मोबाइल छीनकर बंधक बनाया और रलावता नदी क्षेत्र के जंगलों में ले जाकर बेरहमी से पीटा। गंभीर हालत में छोड़ दिए जाने के बाद पुलिस और परिजनों की मौजूदगी में दोनों को सीएचसी बैजूपाड़ा लाया गया, हालत बिगड़ने पर कुंजीलाल को बांदीकुई रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवादी सुरेश मीना की रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और अजित कुमार मीना, तुलसीराम मीना, चित्रांश सैनी उर्फ गोलू, मीनेष सैनी, लेखराज माली और सहदेव जाट को दबिश देकर गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार वारदात में प्रयुक्त वाहनों को आगे-पीछे लगाकर रास्ता रोकने, हथियारों से धमकाने, मारपीट के दौरान वीडियो बनाने जैसे गंभीर तथ्य सामने आए हैं, जिनकी पुष्टि प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और तकनीकी साक्ष्यों से हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रकरण में शामिल शेष आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है, वहीं घटना में प्रयुक्त वाहनों और हथियारों की बरामदगी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड लिया गया है ताकि साजिश की कड़ियां, वारदात की पृष्ठभूमि और फरार आरोपियों की भूमिका पूरी तरह उजागर हो सके।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से दो युवक गंभीर घायल कार चालक फरार; मंडावर थाने में मामला दर्ज

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** रींदली क्षेत्र में गत शुक्रवार की रात तेज रफ्तार और लापरवाही ने पैदल चल रहे युवकों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे सड़क सुरक्षा की अनदेखी का खतरनाक चेहरा सामने आया। 20 फरवरी 2026 शुक्रवार की रात करीब साढ़े नौ से दस बजे के बीच कन्यादान लिखवाने रोड पर चौलावा की ढाणी की ओर पैदल जा रहे टीकाराम सैनी और अंकित सैनी को पीछे से तेज गति में आई कार ने टक्कर मार दी, हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टीकाराम के दाहिने पैर और बाएं हाथ में फ्रैक्चर हुआ है, जबकि अंकित के दाहिने पैर में फ्रैक्चर होने के साथ शरीर में कई जगह चोटें आई हैं, वहीं साथ चल रहा सुनील सैनी बाल-बाल बच गया। पीड़ित रिपोर्टकर्ता के अनुसार कार चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पीछे से जोरदार टक्कर मारी और हादसे के बाद बिना रुके मौके से फरार हो गया, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया।

पीड़ित पक्ष की ओर से मंडावर थाने में दी गई रिपोर्ट में बताया गया कि हादसे को सुनील सैनी के अलावा शिम्भू सैनी निवासी चौलावा की ढाणी रींदली, हरिमन मीना निवासी नांगल चारण सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रत्यक्ष रूप से देखा। रिपोर्ट में कार नंबर आरजे-02-सीएच-6524 का उल्लेख करते हुए चालक को दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया है। घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पीडीत पक्ष ने बताया कि घायलो के उपचार में व्यस्त रहने के कारण रिपोर्ट दर्ज कराने में कुछ विलंब हुआ, जिसके बाद पीडीत पक्ष ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

मंडावर पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश तेज कर दी है और दुर्घटना में प्रयुक्त कार की पहचान के आधार पर संबंधित धाराओं में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# शरीर व जूतों में छिपाकर लाई जा रही थी लाखों की अफीम, सीआईए टोहाना ने दो अंतरराज्यीय तस्कर दबोचे

### नशा मुक्त अभियान के तहत 2 किलो 803 ग्राम अफीम बरामद, झारखंड से सप्लाइ करने आए थे आरोपी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** जिले में चल रहे नशा मुक्त अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस को एक बड़ी और उल्लेखनीय सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन तथा डीएसपी क्राइम एवं मुख्यालय कुलबंत सिंह के कुशल नेतृत्व में कार्य करते हुए सीआईए टोहाना की टीम ने झारखंड से अफीम सप्लाई करने आए दो तस्करों को काबू कर उनके कब्जे से 2 किलो 803 ग्राम अफीम बरामद की है, जिसकी बाजार कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।कार्रवाई की जानकारी देते हुए सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पिछले कई दिनों से पुलिस को सूचना मिल रही थी कि बाहरी राज्यों से कुछ तस्कर शहर में नशे की खेप सप्लाई करने की फिराक में हैं। इन सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने गुप्त रूप से निगरानी शुरू कर दी।

मंगलवार को सहायक उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में बाइपास नहर पुल, टोहाना पर नाकाबंदी की गई। कुछ ही समय बाद नए बस अड्डे की तरफ से दो युवक पैदल आते दिखाई दिए। पुलिस टीम को देखकर दोनों युवक घबराकर भागने लगे, लेकिन सतर्क पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को काबू कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान मोहम्मद अबूल आलम पुत्र मोहम्मद शेरज आलम निवासी सोनपुरा थाना तराहासी जिला पलामू (झारखंड) तथा मोहम्मद हादिश मियां पुत्र सहूद मियां निवासी सोनपुरा थाना तराहासी जिला पलामू (झारखंड) के रूप में बताई। शक के आधार पर नियमानुसार तलाशी लेने पर चौंकाने वाला खुलासा हुआ। दोनों तस्करों ने अफीम को अपने पैरों में पहने नी-कैप के अंदर धागों से कसकर लपेट रखा था। इतना ही नहीं, उन्होंने अपने जूतों के भीतर भी अफीम छिपा रखी थी ताकि पुलिस की नजरों से बच सकें। तलाशी के दौरान कुल 2 किलो 803 ग्राम अफीम बरामद हुई। इस संबंध में थाना शहर टोहाना में अभियोग संख्या 62 दिनांक 24.02.2026 धारा 18, 61, 85 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को आज माननीय अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड लिया जाएगा, ताकि इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी की जा सके। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे उक्त नशीले पदार्थ को क्षेत्र में सप्लाई करने के उद्देश्य से लाए थे। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है।सीआईए टोहाना की इस सतर्क और प्रभावी कार्रवाई से एक बार फिर यह साबित हुआ है कि फतेहाबाद पुलिस नशा तस्करों के मंसूबों को हर हाल में विफल करने के लिए पूरी तरह सजग और प्रतिबद्ध है। जिले के युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने की मुहिम निरंतर जारी रहेगी।



# लोहिया सैनिक मिलिट्री अकादमी, चिड़ावा के 5 छात्रों का मिलिट्री स्कूल में चयन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

लोहिया शिक्षण संस्था द्वारा संचालित लोहिया सैनिक मिलिट्री अकादमी, चिड़ावा ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय देते हुए गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। संस्था के 5 विद्यार्थियों का चयन देश की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में दक्ष राव पुत्र श्री अजित कुमार, दक्षराज पुत्र श्री शक्ति सिंह, खुशांत पुत्र श्री योगेन्द्र सिंह, विनायक पुत्र श्री कमल हर्षवाल एवं योगेन्द्र पुत्र श्री दिवान सिंह शामिल हैं। विद्यार्थियों की इस सफलता से संस्था परिसर में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर अकादमी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें चयनित विद्यार्थियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह में संस्था अध्यक्ष राम सिंह नेहरा, निदेशक जगपाल सिंह यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय सिंह बडेसरा, संस्था सचिव प्रदीप नेहरा, चेयरपर्सन ममता नेहरा, प्रिंसिपल प्रमोदिनी दुबे, प्रधानाचार्य प्रमिला झाझड़िया, गुलजार खान, पूरणमल गजराज सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सैनिक अकादमी के अध्यापक ओमप्रकाश बरवड़, रविकांत शर्मा (HOD), हरीश, सिमरन कविया, अनुज शर्मा तथा अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। संस्था पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को इस सफलता का प्रमुख आधार बताया

# होटल में बैठकर झुग्गी के बच्चों ने देखा सपनों का संसार, सरला पाठशाला चिड़ावा के बच्चों के साथ मनाया गया 'रोटी डे'

### फरवरी महीने में वेलेंटाइन डे , रोज डे ट्रेंड से अलग हटकर युवाओं की नेक पहल, बच्चों के लिए स्टेशनरी सामान वितरित किया

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

हर वर्ष कि तरह इस बार भी झुंझुनूं जिले युवा साथी द्वारा झुंझुनूं में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों के साथ रोटी डे मनाकर टीम आज चिड़ावा में सरला पाठशाला के बच्चों के साथ खुशी होटल चिड़ावा में रोटी डे बनाया। शहर में एक भावनात्मक और प्रेरणादायी दृश्य उस समय देखने को मिला जब झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों के सपनों को साकार करते हुए उन्हें होटल में बैठाकर सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया। झुंझुनूं जिले के युवा साथियों द्वारा सरला पाठशाला चिड़ावा 80 बच्चों के साथ खुशी होटल चिड़ावा में 'रोटी डे' भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा ने बताया कि अक्सर ये बच्चे होटल के बाहर खड़े होकर अंदर झांकते रहते हैं। उनके मन में जिज्ञासा रहती है कि होटल के अंदर कैसा खाना बनता है और लोग कैसे बैठकर खाते हैं। झुग्गी में रहने वाले हर बच्चे का सपना होता है कि वह भी कभी होटल में शाही अंदाज में भोजन करे। इसी सपने को पूरा करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया, ताकि बच्चों के चेहरे पर खुशी और मन में आत्मविश्वास आ सके। कमलेश काला ने बताया कि फरवरी माह में जहां युवा वर्ग वेलेंटाइन डे, रोज डे और चॉकलेट डे मनाने में व्यस्त रहता है, वहीं झुंझुनूं के जागरूक युवाओं ने इससे अलग हटकर सामाजिक सरोकार निभाते हुए झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों के साथ 'रोटी डे' मनाया।



चिड़ावा पुलिस थाना से सब इंस्पेक्टर कैलाश चंद्र ने कहा कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा हथियार है, जिससे कोई भी व्यक्ति अपनी मंजिल हासिल कर सकता है। रोटी डे का उद्देश्य बच्चों को यह अहसास कराना था कि यदि वे पढ़-लिखकर आगे बढ़ेंगे तो उनका भविष्य भी उज्ज्वल हो सकता है। जिले के युवाओं ने व्हाट्सऐप के माध्यम से अभियान चलाकर आर्थिक सहयोग जुटाया। कार्यक्रम में बच्चों को भोजन के साथ-साथ पढ़ाई के लिए स्टेशनरी (कॉपी, पैंसिल)भी वितरित की गईं। इस अवसर पर चिड़ावा बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट विजय गुरावा , एडवोकेट ओमप्रकाश माहिच ने कहा कि शिक्षा से ही व्यक्ति अपने सपनों को पूरा कर सकता है और सम्मानजनक जीवन जी सकता है। CA राजकुमार अग्रवाल बताया है कि समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ संदेश दिया। आयोजन के दौरान बच्चों ने मारवाड़ी गीतों पर नृत्य कर खुशी जाहिर की। और सरला पाठशाला चिड़ावा के संयोजक कार्यक्रम आयोजित कर रहे साथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा, कमलेश काला, सुनील सिरस्वा, विकास काला, अजय वर्मा, CA राजकुमार अग्रवाल , चिड़ावा बार एसोसिएशन अध्यक्ष अध्यक्ष एडवोकेट विजय गुरावा, एडवोकेट ओमप्रकाश माहिच, अध्यापक विकास बुलानिया, अरुण मेहरा, मंगेश भगत, रतनसिंह, योगेंद्र सिंह शेखावत,नवीन माहिच, बंटी माहिच,अभिषेक चारणवास, शुभकरण बसवाला ,ममता, पूजा, अंकिता ,कृपा सहित सर्व समाज के सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आज होगा श्रीश्याम फागोत्सव एवं फूलों की होली का होगा भव्य आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़**

**कमल किशोर पंवार ।** विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत मंत्री राधेश्याम गौतम और मातृशक्ति की प्रांत संयोजिका सुजाता पारीक गुरुवार को नवलगढ़ आएंगे। वे यहां मातृशक्ति की ओर से हनुमानगढ़ बालाजी मंदिर में आयोजित होने वाले श्री श्याम फागोत्सव व फूलों की होली में भाग लेंगे। मातृशक्ति खण्ड संयोजिका अनिता कुमावत ने बताया कि गुरुवार 26 फरवरी को दोपहर 2 बजे से हनुमानगढ़ बालाजी मंदिर में रंगारंग फागोत्सव व फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता के तहत समाज के सभी वर्गों की महिलाएं भाग लेंगी। कार्यक्रम पूर्णतः सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त होगा। कार्यक्रम में लक्ष्मणगढ़ की कुसुम नीलिमा शर्मा द्वारा श्याम धमाल की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके अलावा महिलाओं के स्थानीय ग्रुपों के द्वारा भी प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम में प्रवेश कूपन द्वारा ही दिया जाएगा।

# अनूठी मिसाल: पोते की शादी में दादा ने दहेज लेने से किया इंकार, मुँह दिखाई में पोत्रवधु को भेंट की 16 लाख की कार



**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

समाज में दहेज प्रथा जैसी कुरीति को खत्म करने की दिशा में झुंझुनूं जिले के चिड़ावा शहर से एक प्रेरणादायक पहल सामने आई है, जहां एक दादा ने अपने पोते की शादी में दहेज लेने से साफ इंकार करते हुए अनूठी मिसाल पेश की। दिनांक 19 फरवरी 2026 को रोहित, पुत्र सूबेदार मेजर राजेश राव, का विवाह मैना, पुत्री कैप्टन महेंद्र सिंह पुनिया (माखर) के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर दूल्हे के दादा नागरमल राव ने तिलक में दिए गए 5 लाख रुपये वापस लौटा दिए तथा केवल शगुन के रूप में एक रुपया और पांच बर्तन ही स्वीकार किए।इतना ही नहीं, दादा-दादी ने अपनी पोत्रवधु को मुँह दिखाई में 16 लाख रुपये की कार भेंट कर समाज को दहेज के खिलाफ एक सकारात्मक संदेश दिया। इस सराहनीय पहल की क्षेत्रभर में व्यापक प्रशंसा हो रही है। दूल्हे के ताऊ सुरेश राव ने बताया कि उनका परिवार पहले से ही दहेज प्रथा का विरोध करता रहा है और उन्होंने पहले ही यह संकल्प ले लिया था कि बेटे की शादी बिना दहेज के ही करेंगे। इस खुशी के मौके पर परिवार के सभी सदस्य एवं रिश्तेदार उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि दूल्हा-दुल्हन दोनों एमडी स्कूल, चिड़ावा के पूर्व विद्यार्थी रहे हैं। एमडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के डायरेक्टर सुनील कुमार डांगी द्वारा विद्यालय की प्रार्थना सभाओं एवं विभिन्न कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को दहेज न लेने और न देने के लिए निरंतर प्रेरित किया जाता रहा है। शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों की यह सीख बच्चों में सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# सरकार 113 निकायों के चुनाव टलवाने सुप्रीम कोर्ट पहुंची

### कहा- हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था वार्डों का परिसीमन, नए सिरे से प्रक्रिया पूरी करने में लगेगा समय

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** राज्य सरकार 113 नगरीय निकायों का चुनाव टलवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। इस मामले को लेकर दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) में कहा गया है कि हाईकोर्ट ने 113 नगरीय निकायों का परिसीमन रद्द कर दिया, ऐसे में चुनाव कराने के लिए समय बढ़ाया जाए। एसएलपी में कहा गया है कि हाईकोर्ट ने 309 में से 113 नगरीय निकायों के वार्डों के परिसीमन को सही नहीं माना। इन नगरीय निकायों में वार्डों की संख्या तो नहीं बदली गई थी, लेकिन इनकी आंतरिक सीमाओं को बदल दिया गया था। हाईकोर्ट ने वार्डों की सीमा में बदलाव को रद्द कर दिया था, ऐसे में इनके परिसीमन की नए सिरे से प्रक्रिया पूरी करने के लिए समय की आवश्यकता है।



### 15 अप्रैल तक चुनाव के आदेश

राजस्थान हाईकोर्ट ने 14 नवंबर को करीब 439 याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को प्रदेश में 15 अप्रैल तक पंचायत और निकाय चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। वहीं सरकार को 31 दिसंबर तक परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने के लिए कहा था। इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर कई याचिकाओं पर सुनवाई के समय सुप्रीम कोर्ट ने भी 15 अप्रैल तक चुनाव कराने के लिए कहा था।

### निःशुल्क दवा काउंटरों से शुगर, बीपी-हार्ट की दवाएं गायबः

# एसएमएस हॉस्पिटल में 50 से ज्यादा दवाएं नहीं,1 माह से ज्यादा से सप्लाई बंद

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** राजस्थान में आमजन को सरकारी हॉस्पिटलों में मिल रही फ्री दवाईयां इन दिनों काउंटरों से गायब है। कई ऐसी दवाईयां है, जो पिछले एक महीने या उससे भी ज्यादा समय से सप्लाई में नहीं आ रही। इसमें बीपी, शुगर, हार्ट जैसी क्रोनिक डिजीज के अलावा खांसी, बुखार में काम आने वाली दवाईयां, कफ सिरप शामिल हैं। प्रदेश के सबसे बड़े हॉस्पिटल एसएमएस में इन दवाईयों के अलावा कई एंटी बायोटिक और न्यूरो के मरीजों को दी जाने वाली दवाईयां भी नहीं है। डीडीसी काउंटर पर दवाईयां देने वाले फार्मासिस्ट का कहना है कि पिछले एक माह से ज्यादा समय से दवाईयों की बहुत शॉर्टेज है। बड़ी संख्या में मरीजों को बिना दवाईयों दिए काउंटर से भेजना पड़ता है। बदलते मौसम में बढ़ते वायरल इंफेक्शन में खांसी-जुकाम के केस बहुत ज्यादा आ रहे है। लेकिन पीएचसी, सीएचसी के अलावा बड़े हॉस्पिटलों में खांसी की कफ सिरप और दूसरी एंटीबायोटिक दवाइयां उपलब्ध नहीं है।

### ये प्रमुख दवाएं स्टॉक से बाहर

**लेवोसेटिरिज़िन** : एलर्जी के इलाज में उपयोग
**लेवोथायरोक्सिन सोडियम 25 एमसीजी** : थायरायड के मरीजों के लिए
**पैनटॉप 40** : गैस्ट्रिक समस्या के लिए
**टियोट्रोपियम ब्रोमाइड** : अस्थमा व सांस की बीमारी में
**डुलोक्सेटिन गैस्ट्रो-रेसिस्टेंट टैबलेट** : अवसाद व क्रोनिक दर्द में
**निकोमालोन 1एमजी, 3एमजी, 4एमजी** : खून पतला करने के लिए
**एस्पिरिन डिलेड रिलीज** : हार्ट अटैक व स्ट्रोक की रोकथाम
**लैकोसामाइड 50, 100 एमजी** : मिर्गी के दौरे कंट्रोल करने में
**डैपाग्लिफ्लोज़िन 10 एमजी** : टाइप-2 शुगर मरीजों के लिए
**एसपार्ट इंसुलिन** : टाइप-1 शुगर मरीजों के लिए
**सेफिक्साइम ओरल सस्पेंशन** : ये बच्चों के लिए एंटी-बायोटिक
**प्रामिपेक्सोल टेबलेट** : न्यूरो संबंधि बीमारी से ग्रसित मरीजों के लिए

### 50 से ज्यादा दवाईयां आउट ऑफ स्टॉक

एसएमएस, जे.के. लोन हॉस्पिटल पर दवा काउंटर पर काम करने वाले कर्मचारियों के मुताबिक 50 से ज्यादा दवाईयां हैं, जहां पिछले लम्बे समय से ह्व लिस्ट में है। इसके लिए कई बार डिमांड भी भिजवा दी, लेकिन सरकार की तरफ से दवाईयों की सप्लाई नहीं की जा रही। ये वह दवाईयां हैं जो ओपीडी में आने वाले मरीजों को दी जाती हैं। इससे कहीं ज्यादा दवाईयां और सर्जिकल आइटम इन दिनों आईपीडी में दवा काउंटरों पर नहीं है। बताया जा रहा है कि पिछले 1 माह से ₹स्रूष्टरु से दवाईयां नहीं आ रही। वहीं लोकल स्तर पर ही हर दवाईयों का रेट कॉन्ट्रेक्ट नहीं होने के कारण खरीद नहीं हो पा रही।

सवाई मानसिंह हॉस्पिटल की बात करें तो यहां हर रोज ओपीडी में औसतन 8 हजार से ज्यादा मरीज आ रहे है। इनमें से 60 फीसदी ग्रामीण अंचल से आते है।

# राजस्थान में दूसरे दिन भी पारा 36 डिग्री पहुंचा

### तापमान सामान्य से ऊपर, अगले एक सप्ताह साफ रहेगा मौसम

**भीम प्रज्ञा न्यूज**



**जयपुर ।** राजस्थान में सूरज की तपिश बढ़ने के साथ ही गर्मी तेज होने लगी। लगातार दूसरे दिन अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। बुधवार को पश्चिमी राजस्थान के जिलों में अधिकांश शहरों का तापमान 33 से 37 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। रात में भी कई शहरों का न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर रहा। मौसम विशेषज्ञों ने राज्य में अगले एक सप्ताह आसमान साफ रहने, तेज धूप के साथ तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे में राज्य में पश्चिमी जिलों में सामान्य से ज्यादा गर्मी रही। जैसलमेर, जोधपुर, पाली, बीकानेर, बाड़मेर, जालोर में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में दर्ज हुआ। बाड़मेर में बुधवार अधिकतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा।

# जिम्बाब्वे पर बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां सुपर-8 के अपने दूसरे मैच में जिम्बाब्वे पर बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम को पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के हाथों 76 रनों की करारी हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसे सेमीफाइलन की उम्मीदें बनाये रखने के लिए इस मैच में बड़े अंतर से जीत चाहिये। भारतीय टीम के लिए हालांकि ये आसान नहीं है क्योंकि उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ असफल रहे थे। वहीं गेंदबाजी भी खास नहीं रही है। इसके अलावा जिम्बाब्वे का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है उसने लीग स्तर में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराया है। ऐसे में उसे कमजोर मानना भूल होगी।

दक्षिण अफ्रीका से मिली हार के बाद भारतीय टीका का रन रेट भी माइनस 3.80 हो गया है। इससे उससे सेमीफाइनल की उम्मीद बनाए रखने के लिए इस मुकाबले में बड़ी जीत चाहिये। इसके लिए पारी की शुरुआत और तीसरे नंबर की असफलता से उसे उबरना होगा। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा फार्म में नहीं है। वहीं नंबर तीन पर तिलक वर्मा भी अब तक बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। केवल ईशान किशन ने ही अब रन बनाये हैं।

ऑफ स्पिनरों के सामने अभिषेक रन नहीं बना पा रहे हैं जिससे भी भारतीय टीम को भारत को नुकसान हो रहा है। इस टूर्नामेंट में चार मैचों में वह केवल 15 रन ही बना सके हैं जबकि उनका स्ट्राइक रेट 75 और औसत 3.75 रहा। ऐसे में उनकी जगह पर इस मैच में संजू सैमसन को उतारने की मांग हो रही है।

वहीं तिलक को भी अपने प्रदर्शन को बेहतर करना होगा। अब तक केवल ईशान ने ही 193 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव का स्ट्राइक रेट 127 रहा है जो उनके टी20 करियर के 161 के स्ट्राइक रेट से काफी कम है जिससे ईशान पर काफी दबाव बन गया है। शिवम दुबे और हार्दिक पांड्या ने अब तक अच्छा खेला है और निचले क्रम पर इन दोनो से आगे भी बेहतर बल्लेबाजी की उम्मीदें हैं। बायें हाथ के तीन बल्लेबाजों ईशान, अभिषेक और तिलक के सामने विरोधी टीमों ने पावरप्ले में आफ स्पिनरों का उपयोग कर इनपर अंकुश



लगाने का प्रयास किया है जिसमें वे सफल भी हुई हैं। इस मैच में ऑफ स्पिनरों की रणनीति को विफल करने के लिए संजू सैमसन को अवसर मिल सकता है। उनके आने से दाये और बाएं हाथ की सलामी जोड़ी बेहतर रहेगी। ऐसे में टीम प्रबंधन सूर्यकुमार को तीसरे और तिलक को चौथे नंबर पर उतार सकता है। वैसे चेपॉक की पिच से उन्हें काफी मदद मिल सकती है। जिम्बाब्वे के पास उतना खतरनाक स्पिन आक्रमण भी नहीं है। तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी , रिचर्ड एनगारावा और ब्राड इवांस को हालांकि कम नहीं आंका जा सकता है। गेंदबाजी में भी भारतीय टीम को वरुण चक्रवर्ती , जसप्रीत बुमराह से और बेहतर गेंदबाज की उम्मीद करनी होगी। पिछले मैच में भारतीय गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका के तीन विकेट 20 रन पर गिरा दिये थे पर बीच के दौर में कमजोर गेंदबाजी के कारण अफ्रीकी टीम 187 रन बनाने में सफल रही। जिससे भारतीय बल्लेबाज दबाव में आ गयी।

### टीम इस प्रकार है

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, संजू सैमसन (विकेटकीपर), मोहम्मद सिराज, वॉशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह।

**जिम्बाब्वे:** सिकंदर रजा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ग्रीम क्रेमर, बेन कुरेन, ब्रैड इवांस, क्लाइव मदांडे, टिनोटेंडा मापोसा, तदिवानाशे मारुमनी, वेलिंगटन मसाकाद्जा, टोनी मुनयोंगा, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डायोन मायर्स, रिचर्ड एनगारवा।

# शास्त्री ने टीम को सही रणनीति और संयोजन से उतरने की सलाह दी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का कहना है कि अब टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर-8 में मिली करारी हार से सबक लेते हुए आगे के मैचों में सही संयोजन से उतरना होगा। इस मैच में मिली हार के बाद प्रबंधन के कई फैसलों पर भी सवाल उठे हैं। ऐसे में अब टीम के ऊपर बचे हुए दोनो मैचों को बड़े अंतर से जीतने का दबाब है। शास्त्री का कहना है कि अब टीम को अपने संयोजन पर फिर से विचार करना होगा।

शास्त्री ने कहा, 'आप लगातार 12 मैच जीतते हैं, तो एक खराब दिन आना तय है। शायद यही वह बदलाव है जिसकी भारत को जरूरत थी। यह टीम को अपनी रणनीति और संयोजन पर फिर से सोचने के लिए मजबूर कर सकता है। इस हार से उन्होंने यह सीख लिया होगा कि अब चीजों को हल्के में नहीं लिया जा सकता है क्योंकि सुपर 8 में अगर एक और मैच हारते हैं तो बाहर हो जाएंगे।'

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अक्षर पटेल की जगह पर टीम ने वाशिंगटन सुंदर को अवसर दिया पर सुंदर असफल रहे। अब अक्षर को वापस टीम में लाने की मांग बढ़ रही है। वहीं शास्त्री चाहते हैं कि सुंदर को भी टीम से बाहर न किया जाए। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि उन्हें अक्षर को वापस लाना चाहिए। आपको उनका अनुभव चाहिए। मैं कहूंगा कि दोनों को खिलाएं। स्वयं को एक अतिरिक्त विकल्प दें। किसी भी दिन एक गेंदबाज का खराब दिन हो सकता है, जैसे रविवार को वरुण चक्रवर्ती का हुआ था। वह अपने सर्वश्रेष्ठ पर नहीं थे और इसका नुकसान टीम को हुआ।' 'अगर अक्षर पटेल खेल रहे हैं, तो वह नंबर 8 पर बल्लेबाजी कर सकते हैं।,'

# आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पांच में पहुंचे ईशान और फरहान




**–गेंदबाजी में बॉश और फोर्ड ने लंबी छलांग लगायी**

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टी20 रैंकिंग में भारतीय टीम के बल्लेबाज ईशान किशन लंबी छलांग लगाकर शीर्ष पांच में पहुंच गये हैं। ईशान को टी20 विश्वकप में अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है। वहीं भारतीय टीम के अभिषेक शर्मा हाल में खराब प्रदर्शन के बाद भी नंबर एक पर बरकरार हैं हालांकि उनकी रेटिंग 891 से घटकर 877 रह गई है। वहीं टूर्नामेंट में काफी रन बनाने वाले पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान भी दो पायदान ऊपर आकर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट 815 रेटिंग्स के साथ दूसरे और साहिबजादा फरहान 810 रेटिंग्स के साथ तीसरे स्थान पर हैं। ईशान 742 रेटिंग्स के साथ पांचवें पायदान पर पहुंच गए हैं। भारत के खिलाफ आक्रामक पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के उभरते हुए बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस शीर्ष 10 में पहुंच गये हैं। ब्रेविस ने 10 पायदान की लंबी छलांग लगाये है जिससे वह 9वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ शतकीय पारी खेलने वाले हैरी ब्रूक 10 पायदान की छलांग लगाकर 18वें नंबर पर पहुंच गये हैं।

वहीं गेंदबाजी की बात करें तो भारतीय टीम के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान पर बने हुए हैं। वहीं भारत के ही तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी छलांग लगाकर 8वें नंबर पर पहुंच गये हैं। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश 21 पायदान की लंबी छलांग लगाकर तीसरे नंबर जबकि वेस्टइंडीज के मैथ्यू फोर्ड 23 पायदान की छलांग लगाकर 7वें नंबर पर पहुंच गये हैं।

# टी20 विश्वकप: इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी, बचे हुए तीन स्थानों के लिए सात टीमों में मुकाबला

**कोलंबो (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ सुपर-आठ मुकाबले में जीत के साथ ही इंग्लैंड की टीम टी20 विश्व कप 2026 सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। इंग्लैंड ने इससे पहले हुए सुपर-आठ मुकाबले में श्रीलंका को हराया। अपने दूसरे सुपर-8 मुकाबले में कप्तान हैरी ब्रूक की शानदार शतकीय पारी से इंग्लैंड ने पाकिस्तान को दो विकेट से हरा दिया। इस मैच पहले बल्लेबाजी करते हुए पाक टीम ने 164 रन बनाये और इंग्लैंड को जीत के लिए 165 रनों का लक्ष्य दिया। जिसे इंग्लैंड टीम ने कप्तान हैरी के शतक से 2 विकेट रहते हासिल कर लिया। हैरी टी20 विश्व कप के इतिहास में शतक लगाने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी हैं। अब सेमीफाइनल के बचे अब तीन स्थानों के लिए कुल 7 दावेदारों के बीच मुकाबला है। सुपर-8 में शामिल अभी कोई टीम से टूर्नामेंट से बाहर नहीं हुई है।



**पाकिस्तान :** इंग्लैंड से हार के बाद भी पाक टीम अभी तक सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर नहीं हुई है। पाक का अंतिम मैच श्रीलंका से है। अगर पाकिस्तान वह मैच जीतता है और न्यूजीलैंड की टीम अपने अगले दोनों मैच हारती है तो पाक टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। वहीं अगर इंग्लैंड टीम एक भी मैच जीतती है तो तब फैसला नेट रन रेट के आधार पर होगा।

**भारत:** भारतीय टीम की स्थित सबसे कठिन है। पहले सुपर-8 मैच में दक्षिण अफ्रीका से मिली 76 रनों से हार के कारण भारतीय टीम का नेट रन रेट निगेटिव में है। ऐसे में उसे अपने दोनो बचे हुए मैच बड़े अंतर से जीतने के साथ ही अन्य मैचों के परिणामों पर भी नजर रखनी होगी।

**श्रीलंका :** मेजबान श्रीलंका को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए सबसे पहले अपने बचे दो मुकाबले न्यूजीलैंड और पाकिस्तान से अच्छे अंतर से जीतने होंगे। खिलाफ जीतने होंगे। अगर श्रीलंका ऐसा करता है तो उनके अधिकतम 4 अंक होंगे। ऐसे में उन्हें प्रार्थना करनी होगी कि कीवी टीम सुपर-8 में एक मैच हारे जिससे उसके अंक 3 से आगे न हों। ऐसे में श्रीलंका सेमीफाइनल में पहुंच सकती है।

**न्यूजीलैंड:** न्यूजीलैंड का सुपर-8 में अगले दो मैच श्रीलंका और इंग्लैंड के खिलाफ खेलने है। अगर न्यूजीलैंड इन दोनों मैचों में जीत दर्ज करता है तो उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता। कीवी टीम का पहला मुकाबला पाक से था जो बारिश के कारण नहीं हुआ था। जिससे उसके पास अभी एक अंक है।।

**दक्षिण अफ्रीका :** भारत से पहला मैच जीतकर उसके दो अंक हैं और नेट रनरेट भी काफी अच्छा है। ऐसे हराकर दक्षिण अफ्रीका की टीम अपने बचे हुए दोनो ही मैच वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे से जीतती है तो आसानी से सेमीफाइनल में पहुंच सकती है पर एक भी मैच हारने पर फैसला नेट रन रेट से होगा।

**वेस्टइंडीज:** वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे से पहला मैच जीत लिया है। अब उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए बचे दोनों मैच जीतने होंगे। इसमें अगर वेस्टइंडीज एक मैच हारती है तो फैसला नेट रन रेट से होगा।


**जिम्बाब्वे :** सिकंदर रजा की टीम भी अभी तक पूरी तरह से टूर्नामेंट से बाहर नहीं हुई है। उनके बचे दो कठिन मुकाबले भारत और दक्षिण अफ्रीका से है। उसे सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पहले ये दोनों मैच जीतने होंगे, फिर नेट रन रेट के आधार पर उन्हें नॉकआउट में प्रवेश मिलेगा।

# इटली में महिला क्रिकेटर के यौन शोषण का मामला सामने आया, आरोपी अधिकारी निलंबित

रोम ।इटली में एक महिला क्रिकेटर के यौन शोषण के आरोपों के बाद क्रिकेट बोर्ड से जुड़े एक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है।महिला क्रिकेटर के आरोपों के बाद ऑर्डिनेटर प्रबाथ एक्नेलिगोडा को क्रिकेट फेडरेशन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।फेडरेशन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इस मामले की जांच फेडरल प्रॉसिक्यूटर करेगा।यौन शोषण का ये मामला पिछले साल का बताया गया है।एक रिपोर्ट के मुताबिक फेडरेशन ने कहा, साल 2025 के दौरान फेडरेशन की अध्यक्ष ने एथलीट्स और इससे जुड़े दूसरे पक्षों की पूर्ण सुरक्षा की अपनी जिम्मेदारियों का पालन करते हुए आरोपी अधिकारी को हर तरह की फेडरल से बाहर किये जाने का आदेश दिया है ।बोर्ड ने अपने बयान में कहा कि हालातों का पूरी तरह से आंकलन अभी नहीं किया गया है।निलंबन का फैसला इसलि लिया गया है जिससे गैरजरुरी अटकलों पर रोक लगे और खेल का वातावरण साफ बना रहे।वहीं रिपोर्ट्स के मुताबिक आरोपी के वकील ने कहा है कि उसके खिलाफ साजिश हुई है।

# आईपीएल के कारण टी20 क्रिकेट का बेहतर खिलाड़ी बना हूं : एनगिडी


मुम्बई ।दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खेलने का लाभ उन्हें मिला है। एनगिडी के अनुसार आईपीएल में मिले अनुभवों से ही उनकी गेंदबाजी बेहतर हुई है। इस तेज गेंदबाज के अनुसार टी20 अंतरराष्ट्रीय नहीं बल्कि आईपीएल के कारण उनका गेंदबाजी कौशल बेहतर हुआ है।वह 2018 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ जुड़े थे और इस दौरान उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला। इस दौरान उन्होंने वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो से धीमी गेंद की बारीकियां सीखी और तब से उनकी गेंदबाजी भी बदल गयी। इसी कारण वह इस बार विश्वकप में अच्छी गेंदबाजी करने में सफल रहे हैं ।एनगिडी के अनुसार जब वह पहली बार आईपीएल खेलने के लिए उतरे तो उस सत्र में उन्हें ज्यादा अवसर नहीं मिले थे पर नेट्स में समय बिताने से उनकी गेंदबाजी निखर गयी।एनगिडी ने कहा कि उन्होंने धीमी गेंद, यॉर्कर, बैक ऑफ लेंथ स्लोअर डिलीवरी और धीमी बाउंसर पर लगातार काम किया।उन्होंने कहा कि एक ही एक्शन से अलग-अलग लेंथ और गति से गेंदबाजी आसान नहीं होती पर अभ्यास से से उनके लिए आसन हुआ है।बल्लेबाज के लिए अगली गेंद का अंदाजा लगाना कठिन बनाना ही उनका लक्ष्य रहता है।स्वदेश लौटने के बाद उन्होंने इस कौशल को बेहतर बनाने पर काम किया है।इसी कारण वह टी20 प्रारूप में अधिक प्रभावी गेंदबाज बन पाये हैं।एनगिडी ने भारतीय टीम के खिलाफ मुकाबल में भी कसी हुई गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में केवल 15 रन देकर भारतीय टीम पर दबाव बना था। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को उनकी गेंदों की दिशा और गति समझने में परेशानी हुई।एनगिडी ने कहा कि उन्होंने जानबूझकर ऑफ-कटर की जगह लेग कटर का इस्तेमाल किया, ताकि बल्लेबाज़ की तैयारी का अंदाजा लगाते हुए उसे हैरान किया जा सके।एनगिडी का मानना है कि आमतौर पर विरोध टीमों का ध्यान उनपर नहीं रहता जिसका लाभ भ उन्हें मिला है



# एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर की तैयारियों में लगी है भारतीय टीम

**–बेहतर प्रदर्शन करना चाहती है साक्षी**


**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम आजकल मुख्य कोच शॉर्ड मारिन के मार्गदर्शन में एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर की तैयारियों में लगी है। टीमें में शामिल उभरती हुई मिडफील्डर साक्षी राणा भी अभ्यास में लगी हुई है और अपनी ओर से और बेहतर प्रदर्शन करना चाहती है। साक्षी का कहना है कि वह हर दिन यही सोचकर मैदान पर उतरती हैं कि उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। इस शिविर में मुख्य कोच मारिन के अलावा वैज्ञानिक सलाहकार वेन लोम्बार्ड भी खिलाड़ियों की सहायता कर रहे हैं।



वहीं साक्षी ने कहा, हर दिन मैं यह सोचकर बाहर निकलती हूं कि मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। अगर मैं क्वालिफाइंग राउंड में खेलती हूं, तो मेरा लक्ष्य टीम की जीत में योगदान देना है। आजकल हम हर दिन अभ्यास कर रहे हैं और कोच द्वारा बनायी योजना को पूरी तरह लागू करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोचिंग स्टाफ टीम की कमजोरियों पर विशेष ध्यान दे रहा है। फिटनेस, ताकत और रिकवरी पर लगातार काम हो रहा है। लोम्बार्ड खिलाड़ियों को शारीरिक क्षमता और रिकवरी के महत्व को समझा रहे हैं।

साक्षी ने कहा कि सीनियर खिलाड़ियों से भी पूरा सहयोग मिल रहा है। टीम में सकारात्मक माहौल है और सभी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। कोच ने साक्षी को मैदान में संवाद शैली भी ठीक करने को कहा है। वह सेंटर मिडफील्ड में खेलती हैं, इसलिए खेल को तेजी से पढ़ना और सही समय पर पास देना उसके लिए सबसे जरूरी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव तेजी से बनता है, ऐसे में समय पर फैसला लेना भी जरुरी है। भारतीय टीम को पहले क्वालिफायर में 8 मार्च को तेलंगाना के हैदराबाद में उरुग्वे से खेलना है। इसके बाद टीम 9 मार्च को स्कॉटलैंड और 11 मार्च को वेल्स का सामना करेगी।

# बाबर आजम विश्वकप में सबसे धीमी बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी बने



कोलंबो ।पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बल्लेबाज बाबर आजम ने टी20 विश्वकप के दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 24 गेंदों पर 25 रनों रन ही बनाये।इस दौरान बाबर केवल दो चौके ही लगा पाये और उनका स्ट्राइक रेट 104.17 का था।इसके साथ ही उनके नाम सबसे धीमी बल्लेबाजी का अनचाह रिकार्ड दर्ज हो गया है।यह पहली बार नहीं है जब बाबर ने इतनी धीमी बल्लेबाजी की है।विश्वकप में अगर धीमी बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ियों की सूची पर नजर डालें तो उनमें सबसे खराब स्ट्राइक रेट बाबर का ही है। शीर्ष-5 बल्लेबाजों की इस सूची में दो और पाकिस्तानी भी मौजूद हैं।बाबर ने साल 2021 में इस टूर्नामेंट में डेब्यू किया था।तब से लेकर वह अभी तक 23 पारियां में उन्होंनें 640 रन बनाए हैं।इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट मात्र 111.5 का रहा है, जो कम से कम टी20 वर्ल्ड कप में 500 रन बनाने वाले खिलाड़ियों में सबस कम है।बाबर आजम ने इस सूची मे अपने ही देश के मोहम्मद हफीज को ही पीछे छोड़ दिया है।हफीज का टी20 वर्ल्ड कप में स्ट्राइक रेट 111.8 का था।सूची में तीसरे नंबर पर पाकिस्तान के ही मोहम्मद रिजवान है।उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में 113 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।वहीं श्रीलंका के कुमार संगकारा ने 112.2 – जबकि न्यूजीलैंड के केन विलियमसन ने 112.5 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये।

# ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश और इंग्लैंड के साथ खेलेगी दक्षिण अफ्रीकी टीम : सीएसए

प्रिटोरिया ।क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने कहा है कि उनकी टीम आने वाले समय में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश और इंग्लैंड के साथ टेस्ट और सीमित ओवरों की सीरीज खेलेगी।इसी का कार्यक्रम उसने जारी किया है।सीएसए के अनुसार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज 24 से 30 सितंबर के बीच किंग्समीड स्टेडियम से शुरू होगी।वहीं इसके बाद टीम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीसी) के लिए तीन टेस्ट मैच खेलेगी।ये मैच नौ अक्टूबर से डरबन में खेले जाएंगे।इसके बाद गकेबरहा में 18 अक्टूबर से और न्यूलैंड्स में 27 अक्टूबर से तीसरा टेस्ट खेला जाएगा।इसके बाद बांग्लादेश से दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी।इसका पहला मैच 15 से 19 नवंबर तक वांडरर्स स्टेडियम में होगा, जबकि दूसरे मैच 23 से 27 नवंबर तक सेंचूरियन में खेला जाएगा।वहीं इसके बाद 1 से 7 दिसंबर के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेली जाएगी।इसके अलावा 10 से 13 दिसंबर के बीच टी-20 मुकाबले किम्बरली, बेनोनी और सेंचुरियन में खेले जाएंगे।इसके बाद इंग्लैंड के साथ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 17 दिसंबर से वांडरर्स स्टेडियम में शुरू होगी।इसके बाद में पारंपरिक बॉक्सिंग डे टेस्ट और न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड में नए साल का टेस्ट होगा।दक्षिण अफ्रीका का घरेलू सीजन 10 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के साथ समाप्त होगा।क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कार्यकारी अधिकारी फोलेत्सी मोसेकी ने कहा, हम इन तीनों टीमों के साथ खेलने को लेकर उत्साहित हैं।इससे हमारी टीम और बेहतर होकर उभरेगी।

# पावरप्ले में ऑफ-स्पिनरों के खिलाफ सहज नहीं सलामी बल्लेबाज : अभिषेक नायर

मुम्बई ।भारतीय टीम के पूर्व सहायक कोच रहे अभिषेक नायर ने कहा है कि आईसीसी पुरुष टी20 विश्वकप में अब तक टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाजों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।अभिषेक के अनुसार सुपर 8 स्तर में सलामी जोड़ी संघर्ष करती दिखी है।वहीं पावरप्ले में ऑफ-स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाज सहज नहीं दिखे। अब तक केवल। ईशान किशन ही रन बनाने में सफल रहे हैं।ईशान ने 5 मैचों में 35.20 के औसत से 176 रन बनाए हैं।वहीं बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अब तक असफल रहे हैं। वह चार मैचों में से तीन में खाता भी नहीं खोल पाये। वहीं चौथे मैच में उन्होंने 15 रन बनाए हैं।नायर ने कहा कि शीर्ष क्रम अभी तक सहज होकर नहीं खेल पा रहा। नई गेंद से ऑफ-स्पिनर विविधता ला रहे हैं जिससेस भी बल्लेबाजों के लिए पावरप्ले के ओवरों में शॉट लगाना कठिन हो रहा है।उन्होंने कहा कि वेस्टइंडीज भी पारी की शुरुआत में रोस्टन चेस से गेंदबाजी करा सकती है।ऐसे में भारतीय सलामी बल्लेबाजों को सावधान रहना होगा।भारतीय टीम को अब टूर्नामेंट में बने रहने के लिए बचे हुए दो सुपर-8 मैच बड़ अंतर से जीतने होंगे।भारतीय टीम को अब अगले मैच में जिम्बाब्वे और फिर वेस्टइंडीज से खेलना है।



# टी20 विश्व कप में टीम इंडिया की फ्लॉप बैटिंग पर कोच सितांशु कोटक का बयान, 'हमें पॉजिटिव रहना होगा'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने गुरुवार को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाले करो या मरो के मुकाबले से पहले टीम इंडिया से सकारात्मक रहने और बेहतर क्रिकेट खेलने का आग्रह किया है। टीम इंडिया को सुपर आठ चरण के पहले मैच में 76 रनों की शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा, जिससे मौजूदा चैंपियन टीम मुश्किल दौर में आ गई है।

टीम इंडिया को खिताब की दौड़ में बने रहने के लिए अपने सभी बचे हुए मैच जीतने होंगे और साथ ही यह भी उम्मीद करनी होगी कि दक्षिण अफ्रीका सुपर आठ चरण में अपराजित रहे। भारत के बल्लेबाज अब तक टूर्नामेंट में कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए हैं, उनका औसत मात्र 20 है, जो सुपर आठ में क्वालीफाई करने वाली टीमों में सबसे कम है। टीम ने 11 बार शून्य पर आउट होकर बल्लेबाजी की है, जो बल्लेबाजी में शुरुआती अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने की कठिनाई को उजागर करता है।

जिम्बाब्वे के खिलाफ अहम मुकाबले से पहले टीम के खराब प्रदर्शन के कारणों और इससे निपटने की योजना के बारे में पूछे जाने पर, कोटक ने मैच से पहले की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सभी द्विपक्षीय मैचों को देखें तो बल्लेबाजी वाकई अच्छी चल रही थी। मुझे लगता है कि इस विश्व कप में भी, पिछला मैच थोड़ा चिंताजनक था क्योंकि लगभग डेढ़ साल में, हमने सिर्फ दो बार ही 150 से कम रन बनाए हैं। इसलिए मैं इस बात पर ध्यान नहीं दे रहा हूं कि कोई कितनी बार असफल हुआ या कैसे, क्योंकि फिर हम उनकी बल्लेबाजी पर दबाव डालना शुरू कर देते हैं। लेकिन पिछले मैच को भी मुझे लगता है कि हमें सहजता से लेना चाहिए कि यह पिछले दो सालों में हमारा सबसे खराब मैच था, इसलिए ईमानदारी से कहूं तो हमें इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। विश्व कप में, खासकर हमारे सलामी बल्लेबाजों का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा जितना हम चाहते थे। कोटक ने इस बात पर जोर दिया कि हालांकि टीम का हालिया प्रदर्शन उम्मीदों से कम रहा है, लेकिन व्यक्तिगत असफलताओं पर अत्यधिक ध्यान देने से अनावश्यक दबाव बढ़ सकता है। उन्होंने तैयारी और रणनीतिक योजना के महत्व पर जोर दिया, साथ ही विपक्षी गेंदबाजी रणनीतियों का विश्लेषण करने की बात कही ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि टीम शेष मैचों में प्रभावी ढंग से अनुकूलन और प्रतिक्रिया कर सके।





# महिलाओं से ऑर्डर लेने में पुरुषों को होती है दिक्कत

अभिनेता बरुण सोबती हाल ही में नेटफ्लिक्स की सीरीज 'कोहरा' के दूसरे सीजन में नजर आए हैं। सीरीज में उनके काम को काफी पसंद किया गया है। अब अभिनेता ने इंडस्ट्री में महिलाओं को लेकर बन रही फिल्मों और काम पर बात की। साथ ही उन्होंने महिलाओं के अधिकार को लेकर पुरुषों की इनसिक्योरिटी को लेकर बात करते हुए इसे एक आम समस्या बताया है। बरुण ने 'कोहरा 2' को लेकर कहा कि सीरीज में दिखाया गया शक्ति समीकरण प्रोफेशनल जीवन में लोगों की असल सोच को दिखाता है। उन्होंने कहा कि यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप किस परिवार में पले-बढ़े हैं। लेकिन हां, यह एक आम धारणा है और हम इसे नकार नहीं सकते। स्पष्ट है कि पुरुषों को मजबूत महिलाओं से परेशानी होती है। उनसे आदेश लेना आज भी एक बड़ी बात है। यहां तक कि जब कोई महिला किसी बहस में अपनी बात मजबूती से रखती है, तो मैंने पुरुषों को असहज होते देखा है। मैं सभी पुरुषों की बात नहीं कर रहा हूं, लेकिन ज्यादातर मामलों में ऐसा ही होता है। अपने करियर में ओटीटी की महत्वा पर बात करते हुए एक्टर ने कहा कि ओटीटी शो के सफल होने के बाद चीजें बदल गईं। इसकी शुरुआत 'असुर' से हुई। वह लोकप्रिय था, लेकिन 'कोहरा' के साथ बात बदल गई। कुछ शो आम लोग देखते हैं और कुछ शो सिर्फ इंडस्ट्री के लोग देखते हैं। 'कोहरा' को इंडस्ट्री के लोग देखते थे और तभी से मुझे ज्यादा काम मिलने लगा। स्ट्रीमिंग कंटेंट ने कई अभिनेताओं के लिए अवसर पैदा किए हैं। कोहरा ने मुझे एक नई पहचान दिलाई है। बरुण सोबती 'कोहरा' के पहले सीजन में भी प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। उनका किरदार दूसरे सीजन में भी उतना ही प्रमुख है। इस बार वो मोना सिंह के साथ प्रमुख भूमिका में हैं। सीरीज में दिखाया गया है कि मोना सिंह के किरदार से ऑर्डर लेने में उन्हें असहजता महसूस होती है, क्योंकि एक महिला उनकी बॉस है। 'कोहरा' के अलावा बरुण 'असुर' के दोनों सीजन में भी अहम भूमिका में नजर आए हैं।






# प्रियंका चोपड़ा ने हॉलीवुड करियर को लेकर किए खुलासे

## बताई 'द ब्लफ' से जुड़ी बातें

**ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड ही नहीं बल्कि हॉलीवुड सिनेमा पर भी राज कर रही हैं। प्रियंका की हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' 25 फरवरी को रिलीज हो रही है। हाल ही में प्रियंका ने अपनी फिल्म 'द ब्लफ' के अलावा अपने हॉलीवुड करियर को लेकर कई खुलासे किए हैं। साथ ही प्रियंका ने यह भी बताया कि उनके लिए 'द ब्लफ' क्यों खास है?**

### प्रियंका का हॉलीवुड करियर

प्रियंका चोपड़ा जोनस ने हॉलीवुड करियर में अपनी उन्नति के बारे में कहा, 'मुझे अभी भी ऐसा नहीं लगता कि मैं सफलता के सबसे ऊपर पहुंच गई हूं, लेकिन मुझे अपनी काबिलियत पर पूरा भरोसा है।'

### खुद पर भरोसा करती हैं प्रियंका

प्रियंका ने आगे कहा, 'जब मैं पहली बार हॉलीवुड आई थी, तब से मैंने कभी खुद को कमजोर नहीं महसूस किया। भले ही लोग मुझे जानते नहीं थे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता था। मुझे पता था कि मैं क्या कर सकती हूं और मेरी क्या कीमत है। मेरा आत्मविश्वास कभी कम नहीं हुआ। हो सकता है मुझे कम मौके मिले हों या कम कामयाबी मिली हो, लेकिन मुझे अपने टैलेंट और मेहनत करने की ताकत पर हमेशा भरोसा रहा।'

### किसकी तरह बनना चाहती हैं प्रियंका

प्रियंका ने कहा, 'मैं बहुत मेहनत करने वाली हूं। किसी भी रोल या किरदार को अच्छे से निभाने के लिए मैं बहुत समय और मेहनत लगाती हूं। लेकिन ये सोचना कि मैं सफलता की मंजिल पर पहुंच गई हूं? ऐसा कभी नहीं हुआ। मुझे आज भी लगता है कि मैं अभी वहां नहीं पहुंची। बहुत से शानदार लोग हैं, जिन्होंने कमाल का काम किया है और मैं भी उनके जैसा बनना चाहती हूं।'

### कैसी फिल्में करना पसंद करती हैं प्रियंका

प्रियंका ने आगे बताया कि उन्हें कैसी फिल्में करना पसंद हैं। प्रियंका ने कहा, 'मुझे अलग-अलग तरह की कहानियां और जॉनर आजमाना बहुत पसंद है, इसलिए फिल्म 'द ब्लफ' को करके मुझे बहुत खुशी हुई।' फिल्म 'द ब्लफ' 25 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रही है।

### 'द ब्लफ' के बारे में

प्रियंका चोपड़ा जोनस ने अपनी नई फिल्म 'द ब्लफ' के बारे में कहा, ''द ब्लफ' मेरी फिल्मों में एक नया बदलाव लाने वाली फिल्म है। मुझे लगता है कि यह मेरी फिल्मोग्राफी में, खासकर अंग्रेजी फिल्मों में, विविधता लाने की दिशा में एक अच्छा कदम है। यह फिल्म संस्कृति और इतिहास की गहराई को छूती है, लेकिन साथ ही यह एक मजेदार, भावुक और रोमांचक समुद्री डाकू फिल्म भी है। इसमें ढेर सारा ड्रामा, एक्शन और भावनाएं हैं।'

### कब रिलीज होगी 'द ब्लफ'

'द ब्लफ' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन फ्रैंक ई. फ्लावर्स ने किया है। इसकी पटकथा फ्लावर्स और जो बॉलारिनी ने मिलकर लिखी है। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, कार्ल अर्बन, इस्माइल क्रूज कॉर्डोवा, सफिया ओकले-ग्रीन और टेमुएरा मॉरिसन ने अभिनय किया है। फिल्म 'द ब्लफ' 25 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रही है।






# विजय सेतुपति के साथ नजर आएंगी मालविका मोहनन

तमिल सिनेमा के मशहूर निर्देशक त्यागराजन कुमारराजा ने अपनी आगामी फिल्म का नाम 'पॉकेट नॉवेल' रखा है। हाल ही में इसकी आधिकारिक घोषणा हुई। इस फिल्म में विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म 'पॉकेट नॉवेल' का पोस्टर जारी किया है, जिसमें विजय सेतुपति का आधा चेहरा दिखाई दे रहा है। बैकग्राउंस में पोस्टर का रंग लाल है, जिसकी वजह से यह पोस्टर और ज्यादा इंटेंस लग रहा है। फिल्म के पोस्टर के साथ निर्माताओं ने इस फिल्म की स्टार कास्ट के बारे में भी अहम जानकारी दी है। इस फिल्म में विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में मालविका मोहनन और राज बी शेट्टी के अलावा किशोर भी एक अहम किरदार में नजर आएंगे। प्रोडक्शन कंपनी टायलर डर्डन एंड किंग फिस्ट ने सोशल मीडिया पर फिल्म का टाइटल पोस्टर जारी किया है। इसके साथ ही यह भी बताया कि सोमवार से शूटिंग शुरू हो चुकी है। पोस्टर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'त्यागराजन कुमारराजा की फिल्म 'पॉकेट नॉवेल' की शूटिंग शुरू।' 'पॉकेट नॉवेल' का संगीत इलैयाराजा तैयार कर रहे हैं। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी की जिम्मेदारी नीरव शाह के कंधों पर है। इस फिल्म की कहानी और पटकथा एंड्रयू लुईस ने लिखी है। वहीं इस फिल्म के गाने युग भारती ने लिखें हैं। विजय की इस फिल्म की घोषणा से फैंस और सिनेमा प्रेमियों के बीच काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।



# मेरे लिए अपनी फिल्में चुनना बहुत मुश्किल है



साउथ सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस रेजिना कैसेंड्रा ने साल 2019 में फिल्म 'एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। मूल रूप से तेलुगू और तमिल फिल्मों में काम करने वाली रेजिना इसके बाद 'जाट', 'केसरी चैप्टर 2' जैसी फिल्मों, ओटीटी पर 'राकेट बॉयज' और 'फर्जी' जैसी हिंदी वेब सीरीज में भी नजर आ चुकी हैं। बीते साल अजित कुमार की फिल्म 'विदामुयार्ची' में नजर आ चुकीं रेजिना कैसेंड्रा ने इंटरव्यू में कहा, 'मैं एक साउथ इंडियन एक्ट्रेस थी। ज्यादातर साउथ इंडियंस की तुलना में, मेरी हिंदी बहुत बेहतर है। मैं हिंदी पढ़, लिख और बोल सकती हूं, और मैंने अब तक इस भाषा में जो भी काम किया है, वह मेरी अपनी आवाज में है। यह मेरी अपनी हिंदी है, और मैंने हमेशा यह कोशिश की है कि मैं उस रोल पर खरी उतरूं जो मुझे दिया गया है। लेकिन हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में मुझे घर जैसा महसूस होने में समय लगा।'
रेजिना कैसेंड्रा आगे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को लेकर कहती हैं, 'बहुत से लोगों ने मेरे साथ बुरा बर्ताव किया। सिर्फ बातों से नहीं, बल्कि अपने काम से भी। यह मेरे लिए एक तरह का बुरा नजरिया है। मेरा मतलब है, कोई भी बता सकता था कि मुझे एक खास तरह से नीचा दिखाया जा रहा था। मैंने यह महसूस किया। इसलिए नॉर्थ में मुझे कुछ हिचकिचाहट थी। लेकिन, हमेशा ऐसा नहीं होता, है ना?'
जब रेजिना कैसेंड्रा से पूछा गया कि इस तरह के हालात में भी उन्होंने 'केसरी चैप्टर 2', 'रॉकेट बॉयज', 'फर्जी' और 'जाट' जैसे प्रोजेक्ट्स पर काम किए हैं, तो वह बताती हैं, 'जब मैं लोगों के आस-पास होती हूं, तो मुझे लगता है कि वे मेरा वह पहलू देखते हैं, जिसमें मैं लगातार सीखती हूं। मैं जिस भी इंडस्ट्री में हूं, मैं किसी न किसी तरह उसे घर जैसा महसूस करती हूं। मुझे लगता है कि इस इंडस्ट्री में एक महिला होने के नाते, हमारे लिए स्टीरियोटाइप होना बहुत आसान है। मेरा मतलब है, यह सिर्फ इसलिए है क्योंकि आखिर में यह एक विजुअल मीडियम है, और एक बार जब आप कुछ देखते हैं, तो वह आपके दिमाग में बैठ जाता है। लेकिन मैं हमेशा वर्सेटाइल बनना चाहती थी। इसलिए, मेरे लिए अपनी फिल्में चुनना बहुत मुश्किल है, क्योंकि मैं हमेशा मेनस्ट्रीम कमर्शियल फिल्में नहीं करना चाहती।'

# 'जय हनुमान' में अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे राणा दग्गुबाती



**प्रशांत वर्मा के डायरेक्शन में बन रही 'जय हनुमान' फिल्म को लेकर एक दिलचस्प खबर आई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ऋषभ शेट्टी स्टारर इस फिल्म में राणा दग्गुबाती को कास्ट किया गया है।**

ऋषभ शेट्टी ने बीते साल 'कांतारा चैप्टर 1' से बॉक्स ऑफिस पर खूब धूम मचाई। मूल रूप से कन्नड़ में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 852.36 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया। अब ऋषभ शेट्टी अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'जय हनुमान' की तैयारी में जुटे हुए हैं। बीते दिनों इसका फर्स्ट पोस्टर रिलीज हुआ, तो ऋषभ शेट्टी को बजरंग बली के अवतार में देखकर फैंस की बांछे खिल गई थीं। अब ताजा जानकारी ये आ रही है कि इस फिल्म में राणा दग्गुबाती की एंट्री हुई है! जी हां, रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि 'बाहुबली' के भल्लालदेव अब 'जय हनुमान' में एक अहम भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। हालांकि, इसकी आधिकारिक घोषणा अभी नहीं हुई है। ऋषभ शेट्टी की 'जय हनुमान' साल 2024 की पौराणिक एक्शन ड्रामा ब्लॉकबस्टर 'हनु-मान' का सीक्वल है। रिपोर्ट के मुताबिक, राणा दग्गुबाती को इस सीक्वल में एक अहम रोल के लिए अप्रचो किया गया है। बातचीत आखिरी दौर में है। यदि सब कुछ ठीक रहा, तो राणा इसी साल मार्च या अप्रैल 2026 में इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे।
'जय हनुमान' को मैथरी मूवी मेकर्स, टी-सीरीज के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर प्रोड्यूस कर रही है। एक नई खबर यह भी है कि इस फिल्म को इसी महीने ऐतिहासिक शहर हम्पी में लॉन्च किया जाएगा। ऋषभ शेट्टी इस सीक्वल में भगवान हनुमान का रोल निभा रहे हैं। हालांकि,



## मार्च-अप्रैल में शुरू होगी शूटिंग

राणा दग्गुबाती का किरदार क्या होगा, इसको लेकर कोई जानकारी नहीं आई है।

### 2024 में तेजा सज्जा की 'हनु-मान' बनी थी ब्लॉकबस्टर

बीते साल 2025 में, मेकर्स ने 'जय हनुमान' का पोस्टर रिलीज किया था। यह डायरेक्टर प्रशांत वर्मा के 'प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स' का अगला चैप्टर है। साल 2024 में तेजा सज्जा स्टारर उनकी फिल्म 'हनु-मान' ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता हासिल करते हुए वर्ल्डवाइड 295.29 करोड़ रुपये की ग्रॉस कमाई की थी।

### 'जय हनुमान' में ऋषभ शेट्टी की कास्टिंग ने बढ़ाई एक्साइटमेंट

बीते साल अक्टूबर की शुरुआत में, 'जय हनुमान' के मेकर्स ने ऋषभ शेट्टी का फर्स्ट-लुक पोस्टर रिलीज किया था। इससे पहले फिल्म की कास्टिंग को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई थी। ऐसे में जब पोस्टर आया और उसमें ऋषभ शेट्टी टाइटल रोल में दिखे तो सोशल मीडिया पर फैंस के बीच तहलका मच गया। फर्स्ट-लुक पोस्टर में वह एक खाली पड़े मंदिर में भगवान राम की मूर्ति के सामने घुटने टेकते हुए दिख रहे हैं।

### 'जय हनुमान' के बाद भगवान इंद्र पर फिल्म बनाएंगे प्रशांत वर्मा

डायरेक्टर प्रशांत वर्मा अपने 'प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स' में पौराणिक कथाओं को सुपरहीरो अंदाज में पेश कर रहे हैं। वह 'हनु-मान' और 'जय हनुमान' के बाद भगवान इंद्र पर भी एक फिल्म बना रहे हैं, जिसमें एक्टर नंदमुरी बालकृष्ण के बेटे मोक्षग्न लीड रोल में होंगे।

